पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 5 ◆ रायपुर 05 सितंबर 2023 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### मोदी बोले- भारत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा

# पीएम ने 51 हजार युवाओं को सौंपा जॉइनिंग लेटर



नई दिल्ली। पीएम मोदी 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने अब तक करीब 5 लाख युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए हैं। केंद्र सरकार का लक्ष्य 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। पीएम मोदी 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले में वर्चुअली शामिल हुए।

उन्होंने अब तक करीब 5 लाख युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए हैं। केंद्र सरकार का लक्ष्य 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 28 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया।

#### भारत सरकार मेड इन इंडिया लैपटॉप-टैबलेट खरीदेगी

*प्रधानमंत्री ने कहा, 'वो दिन दूर नहीं है, जब मोबाइल की तरह भारत में बने एक से बढ़कर एक लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर और अन्य गैजेट्स दुनिया में हमारी शान बढ़ाएंगे। वोकल फॉर लोकल के मंत्र पर चलते हुए भारत सरकार भी मेड इन इंडिया लैपटॉप, टैबलेट खरीदने पर जोर दे रही है।'*

#### टूरिज्म सेक्टर में 13 से 14 करोड़ लोगों को मिलेगा रोजगार

*पीएम मोदी ने कहा कि देश में फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। 2030 तक टूरिज्म सेक्टर से भारत की अर्थव्यवस्था को 20 लाख करोड़ से अधिक मिलने की संभावना है। इससे युवाओं के लिए 13-14 करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।*

#### अलग-अलग विभागों में होती है भर्ती

*रोजगार मेले में जॉइनिंग लेटर मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ दिल्ली पुलिस में भर्ती होती है।*

#### 10 महीने में 5 लाख लोगों को लेटर

*22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब पीएम ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है।*

## त्रिजणी पर्व धूमधाम से मना...



भाटापारा। सिंधी समाज की महिलाओं द्वारा आज 2 सितम्बर को दिन भर निर्जला व्रत रखकर त्रिजणी माता से अपने परिवार के सुख समृद्धि और अपने पति की दीर्घायु की कामना की प्रातः सूर्य उदय से पहले मिठाइयों एवं फलों से असुर नास्ता करके दोनों हाथों में मेंहदी रचाकर निर्जला व्रत आरंभ कर रात्रि में सामूहिक रूप से एक स्थान पर एकत्रित होकर भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा व त्रिजणी की कथा के श्रवण के पश्चात चन्द्र दर्शन कर घर के बड़ो से आशिर्वाद प्राप्त कर व्रत का समापन किया जाता है पौराणिक कथा के मुताबिक त्रिजणी( कजरी तीज )का सबसे पहला व्रत माता पार्वती ने किया था,माता के व्रत और तप से प्रसन्न होकर ही भगवान भोले शंकर ने उन्हें अपनी पत्नि के रूप में स्वीकार किया था।

# भूपेश बघेल ने संकल्प शिविर में भाटापारा से कांग्रेस का विधायक बनाने की अपील की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कांग्रेस के संकल्प शिविर मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुये। कृषि उपज मंडी प्रांगण मे आयोजित भीड़ भरी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुये उन्होने केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुये राज्य के हितों की अनदेखी करने व विभिन्न मदों के राशि रोकने का आरोप लगाया इस दौरान बघेल ने अपनी सरकार की अनेक योजनाओं का बखान करते हुये उपस्थित लोगों से कांग्रेस को पुनरू सत्ता की बागडोर आने वाले विधानसभा चुनाव मे सौंपने की अपील की। उन्होने चुटकी लेते हुये कहा कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे 52 दावेदारो के नाम सामने आये है लेकिन किसी एक को टिकट मिलेगा तब पूरे 51 लोगों को भीड़कर यहां से कांग्रेस प्रत्याशी को



जिताना होगा। उन्होने उपस्थित भीड़ से भाटापारा पृथक जिला के अपने पूर्व वायदे को पूर्ण किये जाने की मांग पर कहा कि पहले क्षेत्र से कांग्रेस का जनप्रतिनिधि विधायक के रूप मे दीजिये इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सभा को संबोधित करते हुये प्रदेश सरकार की उपलब्यिों का सिलसिलेवार उल्लेख करते हुये कहा कि रमन राज की तुलना मे भूपेश बघेल सरकार के पौने पांच साल के कार्यकाल मे विकास के अधिक कार्य हुये है। बस्तर मे जहां नक्सलियों के कारण बिल्डिंग भवन कार्यालय गिरा दिये जाते थे वहां अब सड़को का नवनिर्माणए हास्पिटल स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रहे है। सभा मे प्रमुख वक्ताओं ने भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा पर भी हमला बोला व पूर्व मे किये गये अनेक प्रकार के अनियमितताओं पर भाषण के जरिये प्रकार किया गया। खासकर भूपेश बघेल ने कहा कि 100 करोड़ का धान घोटाले के लिये क्षेत्र के विधायक का नाम उछलना यह साबित करता है कि भ्रष्टाचार की गंगा किधर से बहती है। उन्होने अजय चंन्द्राकर के बयान का भी उल्लेख करते हुये कहा कि भाजपा को किसानों की तरक्की रास नहीं आ रहीं है तभी तो अजय चंन्द्राकर जैसे लोग किसानो की समर्थन मूल्य मे धान खरीदी की बात का मखौल उड़ा रहे है। उक्त अवसर पर निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवालए मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, अमित बंटी शर्मा, राधेश्याम शर्मा फागा, विनोद अग्रवाल सहित बडी संख्या मे शहर व ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी वहीं संपूर्ण शहर को विभिन्न नेताओं ने अपने शक्ति प्रदर्शन करते हुये पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स से ढंक दिया था।

## 20 लाख रूपये के भवन के लिये आयोजकों ने आभार माना

# मितानीनों के कार्यक्रम में शिवरतन पहुंचे भूपेश सरकार को आड़े हाथ लिया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्थानीय नगर भवन मे एमण्टीएएसण्पीएसए बीण्सीण् और मितानीन बहनो का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा उपस्थित थे। उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये शर्मा ने कहा कि आप लोग ने छत्तीसगढ मे जो कार्य किया है वह अतुलनीय है। प्रदेश की भूपेश सरकार ने अपनी घोषणा पत्र की बुनियाद पर सत्ता हासिल किया था उसमे से एक भी बिंन्दुओ पर कांग्रेस की भूपेश सरकार अमल नहीं कर पाई है। जो भी प्रदेश मे विकास के कार्य हो रहे है वह केन्द्र की मोदी सरकार की देन है जिससे हर वर्ग को योजना का लाभ मिल सके। अधिकांश केन्द्र की योजनाओं का लाभ धरातल तक इसलिये नहीं पहुंच पा रहा है कि उसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है जो कि कांग्रेस की राज्य सरकार नहीं कर पा रहीं है। यही वजह है कि मितानीनए आंगनबाडीए सफाई कर्मचारीए रसोईयाए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं संविदा नियुक्ति से लेकर अनुकंपा नियुक्ति वाले सभी लोगों को राज्य की भ्रष्ट सरकार से केवल निराशा हीं प्राप्त हुई है। उक्त सभी वर्गो को अच्छा प्रतिसाद मिले इसको ध्यान मे रखते हुये भाजपा का घोषणा पत्र तैयार होगा उसमे सबका साथ सबका विकास व सब का विश्वास के साथ छत्तीसगढ राज्य मे हम आप सभी के सहयोग से पुनरू भाजपा की सरकार बनायेंगे। उन्होने भूपेश सरकार को अनेक मुददे पर आड़े हाथ लिया।

कार्यक्रम के अंत मे विधायक के प्रति लोगों ने आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनके प्रयास से 20 लाख रूपये लागत का नवीन भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई है उक्त भवन के जल्द बन जाने से अब बैठक व अन्य कार्यक्रम के लिये इधर उधर भटकना नहीं पडेगा। उक्त अवसर पर डागेश्वरी वर्मा संतोषी धीवरए केसर आडिल अरुणा पाटकरए सरिता मांडले लक्ष्मी वर्मा रामेश्वरी वर्मा मंजू वर्मा डोमिन वर्मा लक्ष्मी साहूए संगीता साहू संतोषी साहू सरोजनी सुमन रेखा व नीरा साहू सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# रेल्वे मंडल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की हुई बैठक



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रायपुर रेलवे मंडल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति यडीआरयूसीसीद्ध की बैठक मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में डीआरयूसीसी सदस्य अरूण छाबड़ा सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्राए अपर मंडल रेल प्रबंधक आर के साहूए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. विपीन वैष्णव एवं रायपुर मंडल के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुये। बैठक में सर्वप्रथम समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. विपीन वैष्णव द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत परिचय कराते हुये डीआरयूसीसी मीटिंग के महत्व के बारे में बताया गया। डीआरयूसीसी मीटिंग रेल प्रशासन एवं यात्रियों के मध्य सेतु का काम करने वाले सदस्यों की समिति है। जिसमें वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रो से 15 सदस्य शामिल हुये। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रेल उपयोगकर्ता की समस्याओं एवं यात्री सुविधाओं एवं यात्री सुविधा विकास एवं परियोजनाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श कर बैठक में लिये गये निर्णय को यथासंभव कार्यान्वित करना है रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं इन सुविधाओं के विकास एवं नई सुविधाओं के बारे में जनसाधारण के हितों से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि रायपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति द्वारा समय समय पर प्राप्त होने वाले सुझावों अति महत्वपूर्ण है जिसके कारण गुणवत्ता में सुधार होता है। रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में लगातार विस्तार हुआ है एवं दिन प्रतिदिन यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार रायपुर मंडल सभी सुविधाओं को उपलब्ध करा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डा. विपीन वैष्णव ने सभी सदस्यों को बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार प्रकट करते हुये इस बैठक में उपस्थित होने के लिये धन्यवाद दिया।

# दीपक बैज भाटापारा पहुंचे व कांग्रेसियों की एकजुटता पर बल दिया



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नगर आगमन पर कांग्रेसियों द्वारा जगह जगह उनका आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस भवन मे बैज ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि आप लोग गुटबाजी भुलाकर क्षेत्र मे कांग्रेस के जो भी प्रत्याशी अधिकृत होंगे उन्हे जीताकर क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करें। उक्त अवसर पर निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवालए पूर्व विधायक चौतराम साहूए अमित बंटी शर्माए सरिता ठाकुर सुनीता गुप्ता रमेश यदू सुशील शर्मा इन्द्र साव आलोक मिश्रा विनोद अग्रवाल सत्यनारायण ठाकुर कमल ठाकुर त्रिलोक सलूजा अमर मंडावी गणेश सिंग ध्रुव राधेश्याम शर्मा राजकुमार शर्मा प्रशांत गांधी लक्ष्मी पांडे मनमोहन कुर्रे राजा तिवारी मोहन निषाद अभिषेक मोदी अभय देवांगन शादाब जालियावाला शशांक चौबेए दिलीप वर्मा रवि मारकंडेए सत्तू मानिकपुरी लकेश्वर वैष्णव दुर्गेश साहू खुमेश साहू विष्णु भाट हरीश लहरे सहित बडी संख्या मे कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठो के पदाधिकारी व महिला कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।

# भारत लिखने पर आपत्ति क्यों, इंडिया कहने पर कैसा बोध?



इसे अच्छा ही मानना चाहिए कि स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत और इंडिया पर तीव्र बहस आरंभ हो गई है। जी-20 के नेताओं के सम्मान में राष्ट्रपति द्वारा भोज के आमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने के साथ तूफान खड़ा हुआ है। यह दुखद स्थिति है कि प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया तो हमें स्वीकार्य है, लेकिन प्रेसिडेंट ऑफ भारत नहीं। संविधान के अनुच्छेद-1 में लिखा है, इंडिया दैट इज भारत। यानी इंडिया, जो भारत है। इस तरह संविधान ने दोनों नामों को मान्यता दी है। तो इंडिया की जगह भारत लिखने पर आपत्ति क्यों?

***भारत लिखने पर हो रही राजनीति हतप्रभ करने वाली है। समाजवादी धारा की पुरानी मांग है कि देश का नाम इंडिया नहीं, केवल भारत होना चाहिए। डॉ. राम मनोहर लोहिया संपूर्ण जीवन इसके लिए आवाज उठाते रहे। वह अंग्रेजी और अंग्रेजियत के संपूर्ण अवशेषों को समाप्त करने के पक्ष में थे।***

भारत लिखने पर हो रही राजनीति हतप्रभ करने वाली है। समाजवादी धारा की पुरानी मांग है कि देश का नाम इंडिया नहीं, केवल भारत होना चाहिए। डॉ. राम मनोहर लोहिया संपूर्ण जीवन इसके लिए आवाज उठाते रहे। वह अंग्रेजी और अंग्रेजियत के संपूर्ण अवशेषों को समाप्त करने के पक्ष में थे। आज सपा, राजद, जदयू आदि का स्वर क्या है? मुलायम सिंह यादव ने अपने मुख्यमंत्री काल में उत्तर प्रदेश विधानसभा में इंडिया हटाकर केवल भारत नाम रखने के पक्ष में प्रस्ताव पारित कराया था। इन पार्टियों को मुखर होकर इंडिया की जगह केवल भारत नाम रखने के पक्ष में सामने आना चाहिए था। नहीं आ रहे हैं, तो इससे पता चलता है कि वर्तमान राजनीति किस अवस्था में है।

इस देश के कई नाम थे-आर्यावर्त, जंबूद्वीप, हिंदुस्तान, भारतखंड, भारतवर्ष आदि आदि। क्या इंडिया इन्हीं सब नामों का पर्याय है? भारत नाम कब और क्यों पड़ा, इसके इतिहास में न जाएं, तो भी यह प्रश्न तो किया ही जा सकता है कि इंडिया रखे जाने के पूर्व भारत के नाम से यह भूखंड प्रचलित था या नहीं। कहा जा रहा है कि संविधान निर्माताओं ने जब दोनों नाम रख दिया, तो एक पर जोर क्यों? संविधान सभा की बहस देखें, तो अनेक सदस्यों ने इंडिया दैट इज भारत पर आपत्ति उठाई थी। हरि विष्णु कामथ से लेकर सेठ गोविंद दास, कमलापति त्रिपाठी, केवी राव, श्रीराम गुप्ता, हरगोविंद पंत आदि ने भारतीय वांग्मय का उल्लेख करते हुए आग्रह किया था कि भारत नाम हमारे होने का अर्थ स्पष्ट करता है।


इंडिया नाम औपनिवेशिक मानसिकता का द्योतक है। औपनिवेशिक अवशेष खत्म करने पर भारत में आम सहमति होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से हमारी शिक्षा प्रणाली तथा राजनीति में तीखे मतभेद ने इस स्वाभाविक स्थिति को उत्पन्न ही नहीं होने दिया। संविधान सभा में यह बहस आने तक गांधी जी की दुखद हत्या हो चुकी थी। भारत राष्ट्र संबंधी उनके विचारों को देखें, तो साफ लगेगा कि वह इंडिया पर सहमत नहीं होते। हिंद स्वराज में पाठक के प्रश्न पर, कि भारत एक राष्ट्र था ही नहीं, गांधी जी लिखते हैं कि यह आपको अंग्रेजों ने बताया है। जब अंग्रेज नहीं थे, तब भी भारत एक राष्ट्र था और ये नहीं रहेंगे, तब भी रहेगा। यानी उन्होंने राष्ट्र का आधार संस्कृति को माना।

गांधी जी लिखते हैं कि गुलामी के लिए हम अंग्रेजों को दोष दें या अपने पढ़े-लिखे लोगों को? पढ़े-लिखे लोग तो अंग्रेजी सभ्यता के ही गुलाम हो गए हैं। स्वतंत्रता के संघर्ष में भी ऐसे पढ़े-लिखे लोगों की बड़ी संख्या थी, जो अंग्रेजों को तो भागना चाहते थे, लेकिन अंग्रेजियत यानी अंग्रेजी व्यवस्था और सोच से उन्हें समस्या नहीं थी। गांधी जी ने इसलिए कहा था कि राजनीतिक स्वतंत्रता हमें प्राप्त हो गई है, पर सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक स्वतंत्रता के लिए इससे ज्यादा कठिन संघर्ष करना पड़ेगा। किसी देश या राष्ट्र का नाम अर्थहीन नहीं होता। यह इतिहास और सभ्यता का बोध कराने वाला होता है। लाखों वर्ष पूर्व संस्कृत ग्रंथों में भारत का उल्लेख मिलता है। इंडिया नाम से किस इतिहास और सभ्यता का बोध होता है? भारत केवल भूखंड नहीं, ऐसी सभ्यता-संस्कृति और जीवन दर्शन का नाम था, इस क्षेत्र के लोगों ने जिसे अपनी जीवन शैली के रूप में अपनाया था। यही भारत की पहचान है, जो संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का रास्ता दिखाता है। राजनीतिक दलों को आपसी मतभेद भुलाकर औपनिवेशिक सोच वाले नाम इंडिया को खत्म कर केवल भारत रहने देना चाहिए।

अवधेश कुमार

# G-20- मानव-केंद्रित वैश्वीकरण का आह्वान-मतभेदों को दूर कर सहयोग की आकांक्षा

*वसुधैव कुटुम्बकम-हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, पूरी दुनिया एक परिवार है। यह सर्वव्यापी दृष्टिकोण, हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन न हो। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम 'एक पृथ्वी' के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम 'एक परिवार' के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं और, 'एक भविष्य' के लिए हम साझा उज्ज्वल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। कोविड के बाद की वैश्विक व्यवस्था में तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। पहला, यह एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया को जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की जरूरत है। दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता व विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है।*




**कोविड के बाद की वैश्विक व्यवस्था में तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। पहला, यह एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया को जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की जरूरत है।**

जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। दिसंबर, 2022 में, जब हमने इंडोनेशिया के बाद जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिये पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है। इसी सोच के साथ भारत ने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का भी आयोजन किया था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता में न केवल अफ्रीकी देशों की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का ऐक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है। ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट ऐक्शन के अलावा, क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी का भी ख्याल रखा जाए। हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए 'क्या नहीं किया जाना चाहिए' से हटकर 'क्या किया जा सकता है' वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकनॉमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है। ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा।

2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के जरिये हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकनॉमी का फायदा ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा। क्लाइमेट ऐक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस तरह योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम 'लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इन्वॉयरन्मेंट' (एलआईएफई) को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन से निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी ऐंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है। तकनीकी को समावेशी बनाने की भी जरूरत है। भारत यह दिखाता आया है कि कैसे उन्नत तकनीकी से असमानताओं को कम किया जा सकता है। मसलन, दुनिया भर में अरबों लोगों के पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है। डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, पूरी दुनिया उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे। भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और स्थायित्वपूर्ण तरीकों ने वंचितों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल और अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। हमारी जी-20 अध्यक्षता जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है।

मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफ डाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं। आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी-20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है। जी-20 अध्यक्षता का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग एक लाख प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। पूर्व में किसी भी देश की अध्यक्षता में, कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया गया था। भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि भी इसे स्वयं महसूस करेंगे।

**... साभार उमर उजाला डाट कॉम**

# देश के विकास में आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** स्थानीय जय स्तंभ चौक मे आयोजित मांवली महासभा सिंगारपुर का आदिवासी पर्व कार्यक्रम क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा के आतिथ्य मे संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर विधायक ने कहा कि भाजपा व उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे केन्द्र सरकार ने आदिवासी समाज के सम्मान व गौरव को बढाया है। श्रीमती द्रौपदी मूंमू का राष्ट्रपति के रूप मे निर्वाचन इसी दिशा की प्रथम ऐतिहासिक कडी है। उन्होने आगे कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आजादी के बाद देश के विकास मे आदिवासी समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता उनकी कला संस्कृति वेशभूषा व सांस्कृतिक विविधता आदिवासी समाज की पहचान है इस धरोहर को सहेजने मे आदिवासी समाज को मिलजुलकर आगे भी समाजिक हित मे कार्य करना है। उक्त अवसर पर बंशीलाल नेतामए भागमती ध्रुव टीकाराम ध्रुव दौलत कुंजामए टेकसिंह ध्रुव कृपाराम ध्रुव आर एन ध्रुव राम ध्रुव राम मरकामए एल एस ध्रुव सुंदर ध्रुव व मेम सिंह उइके सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज खैरा के कार्यक्रम में पहुंचे सतीश अग्रवाल



**भाटापारा।** ग्राम करहीबाजार मे खैरा आदिवासी समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने उपस्थित आदिवासी समाज के लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि वे समाज की उन्नति एवं प्रगति हेतु एकजुटता के साथ कार्य करें व सामाजिक बुराईयों एवं कुरीतियों को दूर करने की दिशा मे कार्य कर समाज के प्रत्येक सदस्य के आर्थिक उन्नति को बेहतर बनावें। उक्त कार्यक्रम मे पूर्व विधायक चौतराम साहू बंशीलाल नेताम शकुंतला रमाशंकर नरसिंह यादव हीरालाल पटेल टीकाराम नेताम रिखीराम पोर्ते दौलत कुंजाम, रामसिंह ध्रुव बैरागी मरकाम, गौकरण छेदईहा रामकिशुन मरावी बलराम मरकाम जगमोहन मरावी बुधराम मरावी विष्णु मरावी हीराराम मरावी इतवारी राम लाकेश्वर नेताम राजकुमार धुव ललित धुवबिसौहा धुव बहोरन धुव दशरथ धुव काशीराम मरकाम, गौवतरीह धुव बलिराम धुव जगदीश धुव कमल धुव हरगोविंद नेताम रामसेवक मरावी रविशंकर मरकाम व केदार मिश्रा सहित ग्रामीणजन।

# शिवरतन शर्मा ने विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया



**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा ने शहर के स्टेशन वार्ड मे निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन एवं रंग मंच निर्माण कार्य के लिये भूमिपूजन किया। उक्त अवसर पर उन्होने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोलते हुये कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेश को नशे का गढ़ बना दिया है। प्रदेश मे कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हालत मे पहुंच गई है विकास के सभी काम अधूरे पडे है पिछले पौने पांच वर्षो मे भूपेश सरकार की गलत नीतियो के कारण बेरोजगारी बेकारी जहां बढी है वही सड़क सिंचाई एवं औद्योगिक विकास के कार्य भी ठप्प पड़ गये है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार मे जनता के साथ केवल झूठे आश्वासन व फरेब का सहारा लेकर हर वर्ग को ठगने का काम किया है और तो और पौने पांच वर्षो मे भाटापारा शहर का विकास पूरी तरह अवरूद्ध हो गया है एक भी उल्लेखनीय कार्य भाटापारा शहर मे कांग्रेसियो ने नहीं किये है जिससे अब कांग्रेस सरकार क्षेत्र व प्रदेश से चला चली की बेला मे पहुंच गई है। उपरोक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील यदू राजा कामनानी योगेश अनंत संतोष राजपूत अनिल मिश्रा नवीन भाटे मुकेश सिंग व शिवा उईके सहित बडी तादाद मे वार्ड वासी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### केके देवांगन शामिल हुये कांवड़ यात्रा में



**भाटापारा।** सावन के अंतिम दिन इंजीनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा ने अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरौद मे कावड़ यात्रा से आये कांवरियो का श्रीफल देकर गांव में स्वागत किया सभी को फल एवं जूस वितरण किया। उक्त कार्यक्रम मे उपसरपंच शेसनारायण यदू दिनेश जायसवाल निकेश देवांगन रोहित यदू दाऊलाल यदू व रोहित वर्मा सहित बोल बम समिति के सदस्य उपस्थित थे।


### अंतिम सोमवार को शिव भक्त शिवालयों में उमड़े

**भाटापारा।** सावन सोमवार के अंतिम दिन विभिन्न मंदिर व देवालय मे शिव भक्तो का तांता लगा रहा। खप्पर बाबा शिव मंदिरए मारवाड़ी कुंआ शिव मंदिरए औरैठी पारा शिव मंदिरए कैलाश धाम शिव मंदिर सहित पालिका परिसर स्थित शिव मंदिर मे पूजा अर्चना करने वालो की लंबी लाईन लगी रहीं। वहीं शाम को कांशी विश्वनाथ नगरी की तर्ज पर अघोरी आश्रम से आधा दर्जन से अधिक अघोरी



अपनी वेश भूषा से शोभायात्रा मे शामिल हुये। उक्त महाकाल की पालकी यात्रा देखने सैकड़ो की तादाद मे लोग पहुंचे। वहीं मदकू द्वीप शिव मंदिर मे भी अंतिम सावन सोमवार को बडी संख्या मे श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिये पहुंचे।

### कृष्णा नगर शिव मंदिर में विविध आयोजन संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय कृष्णा नगर मे स्थित शिव मंदिर मे शिव पूजा अर्चना व श्रृंगार का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे कृष्णा नगर निवासियों ने श्रद्धा भक्ति के साथ वहां पर विविधि कार्यक्रम प्रस्तुत किये साथ हीं पूजा अर्चना निरंतर जारी रहा। उक्त मंदिर प्रांगण मे भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया गया। उक्ताश्य की जानकारी राजेन्द्र गुप्ता द्वारा दी गई है।

### कांवर यात्रा में मंडी अध्यक्ष शामिल हुये



**भाटापारा।** शहर से चार किलोमीटर दूर उत्तर दिशा मे बहने वाली शिवनाथ नदी टोहडी घाट से कांवरियो ने सैकड़ो की संख्या मे जल लेकर पदयात्रा करते हुये खप्पर बाबा मंदिर पहुंचकर जल चढाया। उक्त कांवर यात्रा मे मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर गेंदू साहूए नरेन्द्र ब्रम्हणकरए जग्गा रावए सत्यजीत शेंन्डे जितेन्द्र शर्माए विवेक यदू लालू मानिकपुरीए मोहन साहू व संजय वर्मा सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया।

# शिवरतन शर्मा ने सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विधायक शिवरतन शर्मा ने नगर के महासती वार्ड में बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उक्त अवसर पर उन्होने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि पूरे प्रदेश मे विकास कार्य अवरूद्ध हो गये है। प्रगति के स्वरूप की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़ पिछले 15 सालों में विकास की गति पर चल रहा था जो पूरी तरह इन पौने 5 सालों में रुक से गए है।

भाजपा सरकार द्वारा चालू किये गये काम ही अभी तक चल रहे हैं। दूसरी ओर प्रदेश की गरीब जनता को मिलने वाले प्रधानमंत्री आवास योजनाए अमृत मिशन के तहत घर.घर नल से मीठा पानी सहित केंद्र सरकार की योजना कांग्रेस सरकार की नाकामी के कारण छत्तीसगढ़ में दम तोड़ रही है। उन्होने आगे कहा कि शांति का टापू कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ भुपेश बघेल के कार्यकाल में चोरी डकैती जुआ सट्टा मर्डर ये छत्तीसगढ़ की पहचान बन गया है। आज हर व्यक्ति खुद को इस सरकार में असुरक्षित महसूस कर रहा है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासित नगर पालिका पर तंज कसते हुये कहा कि नगर में जनता के हितों के लिये एक भी कार्य नही किये गये है जिनसे जनता को लाभ प्राप्त हो उनके मूल भूत सुविधा जिनका वो पालिका प्रशासन को टैक्स देती है वो कार्य तक सही तरीके से क्रियान्वित नहीं हो रहे है ना सफाईए ना पानीए ना उचित बिजली व्यवस्थाए ना ही सड़क ना नाली कुछ भी काम नगर में अब तक नही हुये है चारो ओर गंदगी का आलम है।

उक्त अवसर गोवर्धन डहरिया हारून रजाए मनोज अहिरवार नसीम खान हिरवान लहरें माधव पंजवानी मंत्री राम नारंगए तनुजा उर्मिला भुनेश्वरी मोहन बांधे व आशीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# श्री अखंड रामनाम सप्ताह का 85 वां वार्षिकोत्सव प्रारंभ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र व देश प्रदेश का सर्वप्रसिद्ध श्री अखंड रामनाम सप्ताह समारोह शहर मे प्रारंभ हो गया है। उक्त समारोह के आयोजन के पीछे अकाल की विभीषिका से जुडी एक मान्यता है कि वर्ष 1939 संवत 1996 में भाटापारा क्षेत्र में भीषण अकाल पड़ा था जिससे रोजी.रोटी और पीने के पानी की समस्या से लोग जूझ रहे थे इस बीच चारों तरफत्राही त्राही मची हुई थी लोग बहुत परेशान थे इसी दौरान नई आशा की किरण व भगवत कृपा से विष्णु शंकर महाराज जोकि भाटापारा के प्रतिष्ठित नागरिक ताराचंद मिश्र एवं प्रतापचंद चांडक के गुरु थे का आगमन भाटापारा हुआ उनके नगर आगमन पर नगर के प्रबुद्ध जनों जिसमे मिश्र और चांडक के अलावा तुलसीदास मूंधड़ाए आसाराम नाथथाए धूलचंद भट्टर व मुरलीधर चांडक आदि ने गुरु महाराज से मिलकर अकाल और उससे पड़े दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी तथा इस विकराल समस्या से छुटकारा पाने का रास्ता पूछा गया इस पर गुरु महाराज ने कहा कि प्रभु का अखंड कीर्तन ही एकमात्र उपाय है जो कि इस भीषण विपदा से उबार सकता है उनके द्वारा दी गई प्रेरणा से प्रेरित होकर उनके निर्देश में कीर्तन प्रारंभ करने उचित स्थल की तलाश की गई जिसमें नक्की बाबाए सिद्ध बाबाए औरेठीपाराए बजरंगबली मंदिरए श्मशान घाट मंदिर व मातादेवालय मंदिर आदि का अवलोकन करने के साथ वर्तमान रामसप्ताह मंडप स्थल देखा गया ये शहर के मध्य व अन्य मंदिरों के समीप होने के कारण वर्तमान स्थल उपयुक्त लगा और तब इस स्थल पर विष्णु शंकर के निर्देश में कच्चा चबूतरा बांस बल्ली का 18 फुट म12 फुट का बनाकर वहां श्रीराम दरबार का चित्रपट प्रतापचंद चांडक के यहाँ से लाया गया व विष्णुशंकर के निर्देश में जय रघुपति राघव राजाराम जय पतित पावन सीताराम का जाप भादो मास के कृष्ण पक्ष की दूज तिथि वर्ष 1939 विक्रम संवत 1996 को प्रारंभ किया गया जो कि कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन प्रात: तक अखंड चलता रहता है यह कीर्तन भाटापारा के विभिन्न 12 वार्डो से 12 भजन मंडली बनाकर सभी को दो.दो घंटे कीर्तन करने को कहा गया इसी दौरान चना मंदिर के पंडित मोहन दास दीक्षित के यहां अयोध्या के संत शालिग्राम दास भी आये थे उन्होंने भी इस आयोजन की बहुत सराहना की यही आगे चलकर नियम बन गया भगवान राम चित्रपट को एक छोटे से सिंहासन पर स्थापित कर उसकी परिक्रमा कर कीर्तन का क्रम शुरू हुआ भगवान की फोटो का श्रृंगार मन्नूलाल तिवारी द्वाराए प्रथम पूजा तुलसीदास मूंदड़ा द्वारा व हवन पूजन मथुरादास मूंधड़ा द्वारा किया गया यह आज भी कायम है कीर्तन प्रारंभ होते ही अच्छी बरसात हुई अकाल की समस्या टली तभी से आज तक यह पावन उत्सव जारी है वर्तमान मंडप का निर्माण वर्ष 1960 विक्रम संवत 2018 में करवाया गया था। उक्त समारोह का समापन 8 सितंबर को प्रातरू हवन पूजन के साथ होगा तत्पश्चात दोपहर को शोभायात्रा निकाली जायेगी जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुये 9 सितंबर की सुबह मंडप स्थल पर वापस पहुंचेगी। इस पर्व मे 100 से अधिक भजन कीर्तन मंडली जो कि रायपुर बिलासपुर मुंगेली बेमेतरा चांपा जांजगीर कबीरधाम महासमुंद धमतरी सहित अन्य जिलो के दूर दराज गांव से पहुंचती है। उक्त आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था करने के लिये बलौदाबाजार, पलारी लवन कसडोल सिमगा व सुहेला के पुलिस बल को भी तैनात किया जाता है ताकि लाखों की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि कालेज के छात्रों ने गुर्रा पहुंचकर प्रायोगिक अध्ययन किया



**भाटापारा।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मे विद्यार्थियों के द्वारा ग्राम गुर्रा को अंगीकृत किया गया है। उक्त संबंध मे डॉ. एच. एल.सोनबोईर अधिष्ठाता श्रीमती गौरी शंकर जायसवाल डॉ. अंगद सिंह राजपूत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजेश साहू चन्द्रमौली शर्मा के मार्ग दर्शन मे ग्राम गुर्रा मे छात्रों ने ग्रामीणों के साथ कृषि कार्य अनुभव के लिये विभिन्न आयामो से रूबरू होते हुये 10 सप्ताह का कार्यक्रम बनाकर कृषको के दिन प्रतिदिन के कार्यो से सहभागिता निभाते हुये प्रायोगिक पढाई को आगे बढाया। उक्त अवसर पर विभूति देशमुख धीरज साहू खिलेश मिर्चे व किसान सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित परिवार को कलेक्टर ने सहायता राशि स्वीकृत की




**भाटापारा।** भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम बिटकुली एवं ग्राम धनेली मे हुये प्राकृतिक आपदा के तहत हुई मौत पर जिला प्रशासन ने मृतक के परिजनो को आठ लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उक्त संबंध मे जिला कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6.4 के तहत ग्राम बिटकुली के कांति देवांगन एवं धनेली ज्योति यादव के निकट परिजनो को चार चार लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है इस संबंध मे कलेक्टर ने तहसीलदार को आरटीजीएस के तहत पीडित परिवार के खाते मे राशि जमा करने के निर्देश जारी किये है। उक्त दोनो गांव मे आकाशीय बिजली गिरने व नदी के पानी मे डूबने से मौत की घटना हुई थी।

### यादें मुकेश कार्यक्रम संपन्न




**भाटापारा।** स्थानीय नगर भवन मे गायक मुकेश की पुण्य तिथि पर यादें मुकेश कार्यक्रम का संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे शहर के गायको ने मुकेश के गाये अनेक गीत प्रस्तुत किये। उक्त कार्यक्रम मे पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता शहर थानेदार योगिता बाली खापर्डे ग्रामीण थानेदार अमित पाटले नोटरी ईरम खान, मोहन लाल, प्रशांत वर्मा, भोला कवरे प्रकाश मिश्रा रवि कवरे, राजा कवरे, शहर खरे, विरेन्द्र मानसरोवर, निशा सुरेश शर्मा लखन ठाकुर शिवांशी शर्मा मनीषा श्रीवास्तव, ओमप्रकाश मौर्य एवं मनोज खरे सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# शिव महापुराण एवं सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** हरि लीलामृत सेवा संस्थान के तत्वाधान मे संकल्पित शिव महापुराण एवं सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण दिनांक 6 से 13 सितम्बर तक आयोजित है जिसका समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा उक्त कार्यक्रम का स्थान मंडी रोड स्थित मंगल भवन है उक्त सम्बंध मे स्थानीय भक्त शरद खरे के निवास स्थान में आयोजित प्रेस वार्ता मे महाराज राजीव लोचन दास राष्ट्रीय संत चित्रकोट धाम एवं कथा व्यास बाल साध्वी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि वृन्दावन धाम उ.प्र. ने उपस्थित पत्रकारों को बताया कि छतीसगढ़ के अंतर्गत 108 शिवमहापुराण का संकल्प है जो कि पूर्व मे बेमेतरा व मुंगेली मे आयोजित होने के पश्चात भाटापारा धर्म नगरी उक्त आयोजन के लिये संकल्पित है। माँ कोशल्या के प्रदेश मे कौशलेय महादेव मंदिर का भी स्थापना किया जायेगा। बंगाल के कलाकारों द्वारा भव्य प्रस्तुति भी होगी 6 सितम्बर को सुबह 9 बजे कलश यात्रा भी निकाली जायेगी जिसमे अपने स्वयं का कलश लेकर आने का आग्रह किया गया है

वही नि: शुल्क रूद्राक्ष वितरण का भी कार्यक्रम निर्धारित है वही प्रथम दिवस महात्म्य श्रवण विधि द्वादश, ज्यौर्तिलिंग परिचय द्वितीय दिवस शिवलिंग स्थापन ओंकार जप का विधान, तृतीय दिवस पार्थिव पूजन वर्णन भस्म की महिमा विल्व वृक्ष की उत्पत्ति महिमा वर्णन, पंचम दिवस शिव पार्वती विवाह उत्सव षष्टम दिवस विष्णु ब्रम्हा का वाराह रुप धारण एवं कैलाश बैकुण्ठ लोक उत्पत्ति वर्णन रूद्राणी गण तथा शिव सृष्टि वर्णन सप्तम दिवस कुबेर कैलाश गमन एवं शिव से मित्रता का वर्णन एकलयुग महिमाए रूद्राक्ष महिमाए अष्टम दिवस पूर्णाहुति भण्डारा रूद्राक्ष वितरण।

# स्मॉल फाइनेंस बैंक ने पेंशनरों का सम्मान किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की स्थानीय शाखा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे शाखा प्रबंधक आलिया परवीन अंकित सिंह रिया दुबे रामसिंह राजपूत कैलाश व अमन सिंह ने पेंशनरो का सम्मान किया। अंकित सिंह शाखा ऑपरेशंस मैनेजर एवं रिया दुबे शाखा ऑपरेशंस ऑफिसर ने बैंक में खाता खोलने पर क्या लाभ अन्य बैंकों की तुलना में ग्राहकों को दी जाती है उसकी जानकारी विस्तार से दी। उक्त कार्यक्रम मे रघुनाथ प्रसाद पटेल दिलीप सिंह बिसेन आसाराम अनंत गिरधारीलाल वर्मा पुनीतराम सेन गणपत प्रसाद वर्मा रामेश्वर प्रसाद पाठक शिवकुमार वर्मा भागीरथी वर्मा एस मानिकपुरी एच एन महिलांगे संतराम साव अशोक पंत गणेशराम वर्मा कुमारी बाई साहू सुशील वर्मा बाबूलाल निषाद एवं सालिक राम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




# राष्ट्रपति के हाथ स्वाति को मिला गोल्ड मैडल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दशम दीक्षांत समारोह में भाटापारा नगर की मेघावी छात्रा कु.स्वाति साव को एम.एस.सी. रूरल टेक्नालॉजी विषय पर गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कु.स्वाति शिक्षा के क्षेत्र में प्रारम्भ से नगर को गौरवान्वित किया। वर्तमान में गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की शोध छात्रा है वे छत्तीसगढ़ कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष इन्द्र साव एवं शासकीय शिवलाल मेहता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती प्रतिमा साव की सुपुत्री है। कु.स्वाति अपनी शैक्षणिक उपलब्धि का श्रेय माता.पिताए परिवार जनों सहित गुरुजनों के स्नेह आशीर्वाद को देती है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से कोई कार्य असंभव नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुशील शर्मा ग्राम टेंहका पहुंचे



**भाटापारा।** मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा अपने ग्रामीण क्षेत्र के सघन दौरे के अवसर पर ग्राम टेंहका पहुंचे व वहां उपस्थित किसानो की समस्या से रूबरू हुये इस दौरान किसानों ने दतरेंगी माईनर नहर से जुडी समस्याओं पर शर्मा का ध्यान आकृष्ट किया जिस पर उन्होने अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई विभाग से चर्चा कर समस्या का समाधान शीघ्र किये जाने की बात कहीं वहीं ग्रामीणों की मांग पर उन्होने नये ट्रांसफार्मर भी लगाने के संबंध मे विद्युत अधिकारियों से चर्चा की। सुशील शर्मा के साथ धनेन्द्र साहू भोला साहू लखन ध्रुव मनोज साहूए सुदर्शन साहू मोहित साहू देवेन्द्र साहू धनेश साहू पंचराम ध्रुव व अरविंद कामरी सहित बडी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट द्वारा नि: शुल्क दरी वितरण स्कूलों को




**भाटापारा।** ग्राम देवरी स्थित कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट द्वारा बलौदाबाजार के चक्रपाणी शुक्ला हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा भाटापारा स्थित रामसागर पारा स्कूलए न्यू हिन्दी स्कूल पंचम यादव दीवान हायर सेकेण्डरी स्कूल आत्मानंद स्कूल के साथ साथ ग्राम दतरेंगीए अमलीडीह सेमरिया गोढी टी टोनाटार देवरी सूमा सिंगारपुर व रोहरा के स्कूलो मे दरी वितरण किया।

### मोपका में ईवीएम का प्रदर्शन



भाटापारा। ग्राम मोपका मे ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया जिसमें ग्रामवासियों को ईवीएम मशीन में प्रदर्शन वोटिंग करके इस मशीन की विश्वसनीयता और निष्पक्ष वोटिंग को प्रमाणित किया गया। इस प्रदर्शन में दिनेश वर्मा ने ग्रामवासियों को इस मशीन की प्रक्रिया समझाई और सभी लोगों को प्रदर्शन वोटिंग में भाग लेने आमंत्रित किया गया।

# विभिन्न यात्री ट्रेन एक बार और रद्द होने से यात्री हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी लगातार कम होने का नाम नहीं ले रहीं है रेल प्रशासन की ओर से इंन्फ्रास्ट्रकचर एवं डेवलपमेंट के काम को पूरा करने के लिये फ़िर अनेक यात्री ट्रेनो का परिचालन स्थगित किया है वहीं अनेक ट्रेनो का निरस्तीकरण आगामी 8 सितंबर तक बढा दिया गया है जिससे रेल यात्री हलाकान है रेल्वे सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन क्रमांक 20847 दुर्ग उधमपुर एक्सप्रेस आगामी 6 सितंबर को दुर्ग से रवाना नहीं होगी वहीं विपरित दिशा मे 20848 उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस 7 सितंबर को रदद रहेगी। एक से सात सितंबर तक ट्रेन क्रमांक 15231 बरौनी से गोंदिया के बीच चलने वाली बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी जबलपुर नैनपुर होकर जायेगी वहीं ट्रेन क्रमांक 15232 गोदिया बरौनी एक्सप्रेस नैनपुर जबलपुर कटनी होकर बरौनी की ओर जायेगी। दो से आठ सितंबर तक गोदिया से बरौनी की ओर जाने वाली एक्सप्रेस बताये गये परिवर्तित मार्ग से चलेगी इस तरह एन त्यौहारी सीजन मे यात्री ट्रेनो के रदद होने व रूट परिवर्तन से यात्रियों को एक बार फ़िर परेशानियों से जूझना पडेगा।

# गिरीश देवांगन ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छ.ग. खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने ग्रामीण क्षेत्र के गांव निपनियाए टेंकहा एवं देवरी का सघन दौरा करते हुये मंडी क्षेत्र के निधि से निर्मित होने वाले किसान कुटीर खाद गोदाम एवं सीसी रोड़ सड़क निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।

उक्त सभी निर्माण कार्यो की लागत लगभग 37 लाख रूपये है।

उक्त अवसर पर उन्होने कहा कि पिछले एक वर्षो मे मंडी क्षेत्र मे लगभग 20 करोड़ रूपये की राशि मंडी बोर्ड से स्वीकृत कराकर गांव गांव मे विकास के कार्य कराये जा रहे है। कार्यकम को मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारयण ठाकुर ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा परमेश्वर वर्मा ईश्वर सिंह ठाकुर इंद्र सावए अरुण यदु सचिन शर्मा सिरीज जांगड़े विनोद यदु श्रीमती चित्रलेखा साहूए श्रीमती ममता ठाकुर श्रीमती चौतन्य दीपक वर्माए बलराम वर्मा संजय वर्मा नीलकुमार वर्मा दिनेश तिवारी कामता रावत नरेश ध्रुव उदय साहू संतु ध्रुव लखन ध्रुव खूबीराम साहू गंगाराम साहू आशाराम साहू व पुनीत साहू सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# आदिवासी त्यौहार में शामिल हुये विधायक शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** ग्राम बिटकुली मे आयोजित आदिवासी परब त्यौहार कार्यक्रम मे क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा शामिल हुये। उक्त अवसर पर उपस्थित आदिवासी समाज के लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि रामवन गमन के समय राक्षसों के विनाश राम सेतु निर्माण से लेकर रावण वध तक आदिवासी समाज के लोगों ने पग पग मे भगवान राम का साथ दिया था पर आज कुछ विध्न संतोषी तत्व आदिवासी समाज को दिग्भ्रमित कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास कर रहे है। शर्मा ने आगे कहा कि शहीद वीर नारायण सिंग ने अपने प्रांणो की आहुति देकर छ.ग. के इतिहास मे जो बलिदान दिया वह इतिहास के पन्नो मे अमर हो गया है। आदिवासी समाज को देश प्रदेश व क्षेत्र के विकास मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होने आदिवासी समाज के लोगों से सहयोग की अपील करते हुये समाज हित मे कार्य करने की बात कहीं। उपरोक्त कार्यक्रम मे समाज के विभिन्न पदाधिकारियों सहित बडी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# महाविद्यालय में पौधा रोपण कार्यक्रम संपन्न




**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातक त्तर महाविद्यालय मे रेडक्रास समिति के सौजन्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे बरगद नीम आम कटहल आंवला एवं अन्य फ्लदार पौधो का रोपण किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीमती विनोद शर्मा अनीता सरीन डॉण्उमाकांत मिश्र डॉ. आनंद कुमार मिंज प्रो. जितेन्द्र यादवए प्रो. मनीष सरवैया डॉण्निधि गुप्ता प्रोण् रोहन अग्रवाल प्रो. दीपक यादव डॉ. सुशीला साहू ईश्वर अनंत घनश्याम यादव बेनु जायसवाल एवं महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता में अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन



**भाटापारा।** सब जूनियर कुराश प्रतियोगिता मे अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन करते हुये अनेक पदक जीतकर कुराश टीम ने गौरव बढाया है। भाटापारा क्षेत्र की देविका साहू ने 25 किलोग्राम वजन की प्रतियोगिता मे कांस्य पदक जीता है उनकी सफ्लता पर राजन वर्गीस विक्रांत कश्यपए शिवाजी सालुंके सोमवीर सिंगए राकेश सोलंकी राहुल व्यासए शरद शुक्लाए बैजनाथ गुप्ता आदित्य सिंग आशीष यादव गोपी देवांगन शुकलाल यदू नयना यादव निशांत सिंग दीनदयाल यादव ओमप्रकाश मिश्रा रमा टंडन लता ढिंडे चंन्द्रशेखर बांध जगदीश चौधरी शिव ध्रुव व वर्षा मिरी ने बधाई दी है।

# जर्जर सड़क से लोग हलाकान

## सेमरिया व डिग्गी पर नये उच्च स्तरीय पुल की मांग करते करते लोग थके

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा क्षेत्र मे इस वर्ष पर्याप्त वर्षा नहीं होने के बावजूद अनेक सड़क व पुल पुलियो की खस्ताहाल स्थिति से लोग परेशान है खासकर शहर से आठ किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल जो कि भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर स्थित है उस पचास वर्षीय पुराने पुल की स्थिति उपर से जगह जगह टूट गई है जिससे वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका से अपनी जान जोखिम मे लेकर पुल पार करना पड़ रहा है क्योकि एक ओर जहां गडढे से बचने की चुनौती है।



वहीं दूसरी ओर नीचे शिवनाथ नदी की तेज बहती धार से लोगों की सांस सफर के दौरान उपर नीचे हो रही है क्षेत्र के नागरिक एक लंबे समय से सेमरिया घाट पुल पर नये उच्च स्तरीय पुल निर्माण करने की मांग कर रहे है लेकिन शासन प्रशासन से जुडे किसी भी लोगों ने इस अहम समस्या पर अब तक न तो ध्यान दिया है और न ही पहल किया है जिससे लोगो मे आक्रोश व्याप्त है किसी तरह भाटापारा सुहेला मार्ग के डिग्गी नाला पर पिछले 40 वर्षो से उच्चस्तरीय पुल बनाने की मांग पर भी ध्यान नहीं दिया गया है फलस्वरूप हल्की सी सामान्य बारिश मे भी यातायात अवरूद्ध हो जाता है। भाटापारा सुहेला 14 किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनो इस कदर जर्जर हो गई है कि वह अब सड़क कहने लायक भी नहीं रह गया है इस महत्वपूर्ण मार्ग पर लंबे चौड़े बडे बडे गडढे हो जाने से लोगों को तकलीफो से जूझते हुये आना जाना पड़ रहा है।

उक्त दोनो पुल के अलावा क्षेत्र की अनेक महत्वपूर्ण सड़को का नव निर्माण न होने से सड़को की हालत बदतर स्थिति मे पहुंच गई है क्षेत्र मे भाटापारा सुहेला मार्ग भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग भाटापारा बिलासपुर मार्ग भाटापारा निपनिया मार्ग भाटापारा मोपका मार्ग भाटापारा दावनबोड़ पेन्ड्री मार्ग दतरेंगी सेमरिया घाट मार्ग तरेंगा टोहडी घाट मार्ग सहित अनेक सड़को के जगह जगह टूट फूट की स्थिति मे आ जाने से आम नागरिकों सायकल व वाहन चालको को मुश्किलो से जूझते हुये सफर तय करना पड़ता है उक्त जर्जर मार्ग पर आये दिन अनेक दुर्घटनायें निरंतर घटित हो रहीं है प्रदेश के मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद भाटापारा बलौदाबाजार 24 किलोमीटर लंबी सड़क का उन्नयन कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है जबकि मुख्यमंत्री ने ग्राम कड़ार की सार्वजनिक सभा मे उक्त सड़क का चौड़ीकरण करने की घोषणा की थी इस तरह जर्जर पुल पुलियो एवं सड़को की स्थिति नहीं सुधरने से लोगों का विश्वास व भरोसा शासन प्रशासन से उठते जा रहा है ।

## लोग यातायात जाम से परेशान हो रहे

# धरना प्रदर्शन सभा के लिये स्थल सुनिश्चित करने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। भाटापारा शहर मे हो रहे आये दिन धरना प्रदर्शन रैली सभा के लिये प्रशासन द्वारा एक निश्चित स्थान निर्धारित नहीं किये जाने से लोग यातायात जाम से परेशान हो रहे है।




वर्तमान मे विभिन्न कर्मचारी संगठनए विभिन्न राजनीतिक पार्टियों व पृथक जिला निर्माण संघर्ष समिति सहित अन्य लोगों द्वारा अपनी व क्षेत्रिय मांग को लेकर कहीं भी धरना प्रदर्शनए हड़ताल बैठक व सभा तथा अन्य आयोजन किया जा रहा है जिसमे रामसप्ताह चौक जयस्तंभ चौकए जनपद पंचायत भवन स्थल तहसील चौक व कुछ अन्य स्थलो पर यातायात की दृष्टिकोण से यातायात बाधित हो रहा है जबकि अरसे पहले तत्कालीन तहसीलदार शांडिल्य ने सभी कार्यक्रमो के लिये एक निश्चित स्थल पुराना गंज सभा स्थल को निर्धारित किया था लेकिन उनके अधिकृत आदेश पालन की धज्यिां उड़ाते हुये कहीं भी किसी भी जगह पर सड़क मे पंड़ाल लगाकर यातायात बाधा उत्पन्न करते हुये विभिन्न आयोजन धड़ल्ले से हो रहे है जिससे सड़क पर चलने वाले आमजन व वाहन सवार परेशान हो रहे है शहर मे एक लंबे समय से आये दिन रैली धरना प्रदर्शन के अलावा विभिन्नए धार्मिकए राजनीतिकए रचनात्मक व शहर एवं जिला निर्माण के लिये धरना प्रदर्शन के लिये सभा के आयोजन हो रहे है यह नैतिकता के आधार पर शहर व क्षेत्र के विकास के लिये ठीक है किन्तु कहीं पर भी पंड़ाल पाटा लगाकर कार्यक्रम शुरू कर देना अच्छी बात नहीं है इस प्रकार के आयोजनो से राहगीर व आम नागरिकों को परेशानियो से जूझना पड़ रहा है जय स्तंभ चौक के पास सड़क मे आये दिन हो रहे सभा कार्यक्रम से उस क्षेत्र के दुकानदार व छोटे छोटे व्यवसायियो का कारोबार ठप्प हो रहा है जिससे वे भी अंदर से आक्रोशित हो रहे है। रामसप्ताह चौक से गौरवपथ पार्ट.2 के हिस्से मे सड़क यातायात इस कदर जाम कर दिया गया है कि लोग उस मार्ग से निकल नहीं पा रहे है खासकर सड़क पर लगाये गये ठेला व दुकानो से लोग हलाकान है

क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिको ने भाटापारा शहर मे एक निश्चित स्थान सुनिश्चित करने की मांग करते हुये कहा है कि तमाम धरना प्रदर्शन आम सभा व अन्य प्रकार के आयोजनो व गतिविधियो जो सड़क पर पंड़ाल व पाटा लगाकर किया जा रहा है उस पर रोक लगाकर पुराना गंज सभा स्थल या फिर लोकोत्सव मैदान को विभिन्न प्रकार के आयोजन स्थल के लिये निर्धारित किया जाना चाहिये ताकि लोगों को परेशानियो से छुटकारा मिल सके इससे एक ओर जहां यातायात बाधित नहीं होगा वहीं ध्वनि प्रदूषण से भी लोग मुक्ति पा सकेंगे।

जनप्रतिनिधियों के ढीले ढाले रवैये की लोगों ने आलोचना की

# महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों का भाटापारा स्टेशन में ठहराव नहीं देने से नागरिकों में भारी आक्रोश






ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे अंतर्गत बिलासपुर रेल्वे जोन मे भाटापारा रेल्वे स्टेशन सर्वाधिक आय देने वाले स्टेशनो मे शामिल है उसके बावजूद भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे यात्री सुविधाओं की बहाली एवं अन्य सुविधायें देने के मामले मे भाटापारा जैसे बहुत बडे स्टेशन की लगातार उपेक्षा रेल्वे प्रशासन द्वारा किया जा रहा है जिससे लोगों ने आक्रोश व्याप्त है खासकर रेल्वे जोन के नागपुर व बिलासपुर रेल डिवीजन मे भाटापारा भी छोटे छोटे स्टेशनो मे लगातार विभिन्न यात्री ट्रेनो का स्टापेज हो रहा है लेकिन एक लंबे समय बाद भी भाटापारा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन मे यात्री ट्रेन के ठहराव के प्रति रेल्वे जोन के अधिकारी व क्षेत्रिय सांसद उपेक्षा पूर्ण बर्ताव कर रहीं है जिससे रेल यात्रियों के साथ साथ क्षेत्रिय नागरिकों मे भारी आक्रोश व्याप्त है जिसका खामियाजा आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ सकता है। भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे बिलासपुर रेल्वे जोन से चलने वाली बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस बिलासपुर हापा एक्सप्रेसए जैसे ट्रेनो का हीं स्टापेज न होना यह जाहिर करता है कि बिलासपुर रेल्वे जोन के अफसर भाटापारा के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है इसी तरह रेल्वे स्टेशन के व्यवसायिक व औद्यौगिक महत्व के साथ साथ सात विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व स्टेशन होने के बावजूद जहां पर हावड़ा मुंबई गीतांजलि एक्सप्रेस सूरत माल्दा एक्सप्रेस वास्कोडिगामा जर्सीडीह एक्सप्रेस हैदराबाद रक्सौल एक्सप्रेस हावड़ा सांई नगर शिरडी एक्सप्रेस हटिया कुर्ला एक्सप्रेस कामाख्या एक्सप्रेस समरसता एक्सप्रेस पुणे हटिया एक्सप्रेस भुनेश्वर कुर्ला एक्सप्रेसए दरभंगा एक्सप्रेस हमसफ़र एक्सप्रेस ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस सांतरागांछी नांदेड एक्सप्रेस सहित वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टापेज अनिवार्य रूप से भाटापारा स्टेशन मे देने की मांग करते करते क्षेत्रिय नागरिक व रेल यात्री थक हार गये है लेकिन संबंधित जनप्रतिनिधियों की निंद नहीं टूटी है जबकि दूसरे क्षेत्रो के जनप्रतिनिधि जनहित मे लगातार भाटापारा से छोटे छोटे स्टेशनो मे विभिन्न ट्रेनो का स्टापेज करवाकर जनता के हित मे लगातार कार्य कर रहे है लेकिन भाटापारा मे सिर्फ आश्वासन का सहारा देकर जनता को मीठी घूट पिलाया जा रहा है एक लंबे समय से ट्रेनो के स्टापेज की मांग पूरी न होने पर जनता मे जनाक्रोश बढ रहा है।

# रेल प्रशासन ने एक बार फिर अनेक ट्रेनों को निरस्त किया

## छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्व तीजा पोला सर पर आने से यात्री होंगे हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की परेशानियों का सिलसिला आगे और भी जारी रहेगा इस संबंध मे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के विभिन्न सेक्शनो मे ट्रेक रख रखाव एवं विभिन्न कार्य किये जाने के कारण अलग अलग यात्री ट्रेनो को एक बार फ़्रि से निरस्त कर दिया गया है।



जिसमे मध्यम व गरीब वर्गो की यात्री 08745 गेवरा रोड रायपुर मेमू पैसिंजर लोकल ट्रेन एवं 08746 रायपुर गेवरा रोड लोकल ट्रेन को आगामी 3 सितंबर दिन रविवार से 13 सितंबर तक रदद कर दिया गया है जिससे रेल यात्रियों मे भारी आक्रोश व्याप्त है क्योकि ऐन त्यौहार के वक्त यात्री ट्रेनो को निरस्त किये जाने से लोगों को आवाजाहीं मे तकलीफ का सामना करना पडेगा। वर्तमान समय मे छ.ग. राज्य मे रक्षा बंधन के साथ हीं पर्व त्यौहार का मौसम प्रारंभ हो गया है जिसमे जन्माष्टमी तीजा पोला प्रमुख पर्व मे हजारो की तादाद मे माता बहनें अपने मायके तीजा पर्व मनाने आती है लेकिन लोकल पैसिंजर ट्रेनो के निरस्त किये जाने से रेल यात्रियों को एक बार फ़्रि जूझना पडेगा। वहीं उत्तर प्रदेश के वाराणसी रेल्वे स्टेशन मे यार्ड आधुनिकीकरण कार्य किये जाने के कारण आगामी 11 सितंबर से 15 अक्टूबर तक की अवधि के लिये बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस को रदद कर दिया गया है इसी तरह 12 सितंबर से 16 अक्टूबर तक के लिये विपरित दिशा की ट्रेन गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस रदद कर दी गई है। इसी प्रकार आगामी 6- 8- 13- 15- 20- 22- 27 एवं 29 सितंबर तथा 4- 6 11 व 13 अक्टूबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन क्रमांक 18201 दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग प्रयागराज सुल्तानपुर अयोध्या केंट अध्योध्या व नवतनवा होकर चलाने का निर्णय रेल प्रशासन ने लिया है इसी तरह 3 8- 10- 15- 17- 22- 24 एवं 29 सितंबर तथा 1 6- 8 एवं 13 अक्टूबर को नवतनवा से दुर्ग की ओर चलने वाली विपरित दिशा की ट्रेन को भी बताये गये परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय रेल प्रशासन ने लिया है। इसी प्रकार आगामी 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक छपरा से दुर्ग की ओर जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को प्रयागराज रामबाग वाराणसी वाराणसी शहर होकर चलाया जायेगा वहीं 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक दुर्ग से चलने वाली दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन से प्रयागराज रामबाग वाराणसी वाराणसी शहर होकर रवाना होगी। इस तरह रेल यात्रियों को अनेक दिक्कतो के बीच एक लंबे समय तक रेल सफ़र तय करना पडेगा।

# राधेश्याम शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ रैली निकालकर टिकट मांगी

**भाटापारा।** आगामी विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष्य मे कांग्रेस पार्टी द्वारा लिये जा रहे है आवेदन के सिलसिले मे नगर के युवा समाजसेवी राधेश्याम शर्मा फग्गा ने सोमवार को कुंदन भवन से कांग्रेस की झंडा के साथ बाजे गाजे व ढोल नगाडे के बीच रैलीनुमा अपने समर्थको की भीड़ नगर भ्रमण कराते हुये कांग्रेस भवन पहुंचे व वहां पर उन्होने अपनी कांग्रेस टिकट की दावेदारी के लिये ब्लाक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल को आवेदन पत्र सौंपा। इस दौरान सैकडो की संख्या मे उनके समर्थक मौजूद थे जो लगातार ओजस्वी नारा लगा रहे थे। कांग्रेस टिकट की दावेदारी मे अब तक सर्वाधिक भीड़ लेकर कांग्रेस भवन पहुंचने वाले राधेश्याम शर्मा फग्गा पहले व्यक्ति है।



# सेवा दल का झंडोत्तोलन किया सुशील ने



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अरूण ताम्रकर के निर्देश पर कृषि उपज मंडी प्रांगण मे मासिक ध्वज वंदन का कार्यक्रम सेवादल द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सुशील शर्मा मंडी अध्यक्ष शामिल थे।

सेवा अध्यक्ष महेन्द्र साहू संतोष पांडेए मनोज वर्मा संतोष यादव भुवन सिंह ठाकुर निर्मला कोशले अंजली भारतीए अशोक साहूए कुंजराम साहू देवचरण मारकंडे गिरिराज चावड़ा कीरत वर्मा मंगल ठाकुर मोहन वर्मा दीपा जागड़े सतरूपा वर्मा मनोज मारकंडे तिकेश साहू सागर सुनील धनेश्वर हीरालाल साहू योगेश हरीश जीवन मिथिलेश भागीरथी शंकरए निलेश्वरी बाई रोमिल उमा साहू नारायण साहू प्रकाश मुरारी व पूर्णिमा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मयूर स्कूल में कराते स्पर्धा संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय मयूर स्कूल मे ब्लाक स्तरीय स्कूली खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कराते खेल मे 120 छात्र.छात्राओं ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता मे सेंट मेरीए मार्डनए गुरूकुलए पंचम यादव दीवानए पालिका बालिकाए अंबुजाए डीडबल्यूपीएसए स्वामी आत्मानंदए आधारशिला व शिवलाल मेहता स्कूल के छात्र.छात्राओ ने भाग लिया। उपरोक्त प्रतियोगिता के आयोजन मे आलोक गुप्ताए तरूण सेनए अखिलेश कुमारए चन्द्रकांत बागडेए वर्षा मिरी एवं विक्रम चौहान का प्रमुख योगदान रहा। साथ हीं प्रतियोगिता मे नेमिचंद साहूए योगेश कुर्रेए महेश राजपूतए शिवम तिवारीए धनंजय पांडेए हर्ष देवांगन एवं गौरव साहू का भी विशेष सहयोग रहा।


संतोष कुमार साहू (लालू)

ब्यूरोचीफ

"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" अखबार में विज्ञापन, समाचार एवं प्रतियों के लिए संपर्क करें

9827916119



# अखण्ड राम नाम सप्ताह समापन जुलूस के संदर्भ में प्रशासन ने ली बैठक

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे चल रहे अखण्ड राम नाम सप्ताह समारोह के समापन जुलूस व विशाल शोभायात्रा को निर्बाध रूप से संपन्न कराने के परिपेक्ष्य मे शहर थाना प्रांगण मे एक बैठक आहूत की गई। जिसमे एसडीएम नरेन्द्र बंजाराए एसडीओपी आशीष अरोराए नगर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डेए सीएमओ लाल अजय बहादूर सिंगए विद्युत विभाग के डीई सोनीए टीआई अमित पाटलेए के अलावा अनिल चांडकए सत्यनारायण जोशीए सुशील शर्माए अशोक तिवाडीए आनंद सेवाका व कैलाश बावला सहित मिडिया से जुडे लोग उपस्थित थे।




बैठक मे यह तय किया गया कि शोभायात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसलिये शांति व्यवस्था कायम करने पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ डयूटी पर तैनात रहे व असामाजिक गतिविधियों मे पैनी नजर रखते हुये व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करें वहीं पालिका अधिकारी व विद्युत विभाग को यह निर्देशित किया गया है कि वे विद्युत प्रदाय मे व्यवधान न आये इसके लिये चाक चौबंद व्यवस्था रखे तथा सफाई की व्यवस्था को भी सुदृढ बनाने के निर्देश दिये गये। यह गौरतलब रहे कि अखण्ड राम नाम सप्ताह अपने अनूठे आयोजन के कारण शहर क्षेत्र प्रदेश व देशभर मे अपनी अलग पहचान बनाये हुये है इस वर्ष 85 वां वार्षिक आयोजन प्रारंभ हो चुका है उक्त आयोजन का समापन जुलूस 8 सितंबर दिन शुक्रवार को निकलेगा जिसमे शहर सहित दूर दराज क्षेत्र से लाखों श्रद्धालु भक्त शामिल होने पहुंचेगे।

# कुर्मी समाज अर्जुनी राज की बैठक संपन्न



**भाटापारा।** छण्गण् मनवा कुर्मी समाज की बैठक मंडी रोड स्थित कुर्मी छात्रावास मे हुई। उक्त बैठक मे अर्जुनी राज के राज प्रधान हरिराम वर्माए चोवाराम वर्माए संतोष वर्माए शंभू लाल वर्माए सुधेलाल वर्माए परसराम वर्माए सालिक वर्माए हरीश वर्माए पेंगन वर्मा सहित दीपक टिकरिहाए जितेन्द्र नायकए हेमलाल वर्माए अरूण वर्माए रमेश वर्माए तेजराम वर्माए गजाधर वर्माए भूषण वर्माए आजूराम वर्मा व प्रशांत वर्मा सहित बडी संख्या मे सामाजिक बंधु उपस्थित थे। बैठक मे विभिन्न ग्रामो से प्राप्त 14 सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। उक्त अवसर पर दानदाताओं ने ग्राम अर्जुनी मे बनने वाले भवन के लिये दो लाख रूपये की सहयोग राशि दी। बैठक मे उपस्थित सामाजिक लोगों के बीच दो प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किये गये जिसमे विवाह के समय दूल्हे की गाड़ी को दुल्हन पक्ष के द्वारा रोकने की प्रथा तथा दूल्हे का जूता छिपाने के परंपरा को पूर्ण रूप से बंद करने का प्रस्ताव रखा गया।

# भाटापारा के कांग्रेसियो ने भूपेश बघेल से चुनाव लडने का आग्रह किया







ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 से आगामी विधानसभा चुनाव मे भूपेश बघेल को भाटापारा से कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी बनाने की मांग स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता मुनीन्द्र साहूए नितीन शुक्लाए मोहन केशरवानीए मधुसूदन शर्माए सुरेश अग्रवालए सहित देवरी के कार्यकर्ता शत्रुघन वर्माए सुमा गांव के रोहित साहूए गुडेलिया के राकेश शर्माए दासन बंजारे सहित अनेक लोगों ने की है। उक्त सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा है कि भूपेश बघेल के भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडने पर भाटापारा मे व्याप्त आपसी गुटबाजी स्वमेव खत्म हो जायेगी साथ हीं संगठन की एकता को बल मिलेगा और कांग्रेस के परंपरागत गढ रहे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे कांग्रेस की जोरदार वापसी जीत के रूप मे होगी और निश्चित रूप से भूपेश बघेल यहां से रिकार्ड तोड़ वोटो से जीत हासिल कर सकेंगे। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आगे कहा है कि पूर्व मे भी पूर्व मुख्यमंत्री स्वण् श्यामा चरण शुक्ला राजिम विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ भाटापारा विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर चुनाव जीत चुके है।

# शिवरतन शर्मा ने वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** निकटवर्ती गांव सुरखी मे क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने सोनाखान की धरती मे जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति मे अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था। आज देश मे जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है तो शहीद वीर नारायण सिंह का नाम सबसे पहले याद किया जाता है। शर्मा ने आगे कहा कि आदिवासी समाज अपनी कला संस्कृति बोली भाषा वेशभूषा और परंपरागत विरासत के लिये अलग पहचान कायम रखे हुये है प्रकृति के संरक्षक के रूप मे समाज के लोगों का कार्य सदैव से उल्लेखनीय रहा है। उक्त कार्यक्रम मे टेकसिंग ध्रुव जगदीश ध्रुव हनुमंत ध्रुव घानाराम ध्रुव अजय ध्रुव गनपत ध्रुव आनंद ध्रुव राम ध्रुव केकती ध्रुव जेठिया ध्रुव संतोष मरई पोषण यादव व पूनम बघेल सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# नंगे पाव घास पर चलने के अनेक फायदे

घर के बड़े-बुजुर्ग अक्सर नंगे पाव चलने की सलाह देते थे। ये सलाह यूं ही नही है। हरी घास पर अगर रोजाना बिना मोजा या चप्पल पहने चला जाए और पैर के तलवों की स्किन से हरी घास का घिसती है तो इससे शरीर में काफी सारे बदलाव देखने को मिलते हैं। दरअसल, हरी घास पर नंगे पाव चलने से काफी सारे हेल्थ बेनिफिट्स मिलते हैं। जो कि साइंटिफिकली प्रूव है। नंगे पाव घास पर चलने से डायरेक्ट अर्थ से संपर्क होता है और इससे बॉडी को पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। जो कि बॉडी के लिए काफी बेनिफिशियल है। आगे जानें रोजाना हरी घास पर नंगे पाव चलने के फायदे।



## सूजन और दर्द में राहत

शरीर में होने वाली सूजन और दर्द से राहत देने में हरी घास हेल्प करती है। अगर किसी वजह से चोट लग गई है या फिर शरीर में दर्द होता है तो हरी घास पर चलने से डायरेक्ट सूजन वाली नर्व को आराम मिलता है। जिससे दर्द और सूजन में राहत मिलती है।

## स्लीप साइकल को इंप्रूव करता है

स्टडीज में ये पता चला है कि रोजाना नंगे पाव हरी खास पर चलने से पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। इसकी मदद से बॉडी क्लॉक मेंटेन होती है और सरकार्डियन रिदम को ठीक से काम करने में हेल्प मिलती है। बॉडी क्लॉक अच्छी नींद के लिए बहुत जरूरी है।

## इंप्रुव आईसाइट

पैर के तलवों का कनेक्शन बॉडी के दूसरे ऑर्गंस के साथ रहता है। जिसमे आंखें भी शामिल है। रोजाना हरी घास पर नंगे पाव चलने से पैरों के खास प्वाइंट पर प्रेशर पड़ता है। जिससे आंखों की रोशनी तेज होती है।

## स्ट्रेस और एंजायटी करता है दूर

सुबह के समय नंगे पाव हरी घास में चलने से दिमाग शांत और स्थिर होता है। साथ ही बॉडी को ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में मिलती है। जिससे बॉडी और माइंड रिलैक्स होते हैं और स्ट्रेस, एंजायटी जैसी समस्या से छुटकारा मिलता है।

## ब्लड प्रेशर इंप्रुव होता है

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या ज्यादातर ब्लॉकेज और स्ट्रेस की वजह से होती है। जब रोजाना नंगे पाव घास पर चलते हैं तो इससे ना केवल बॉडी को रिलैक्स मिलता है बल्कि माइंड भी फ्रेश रहती है।

## होते हैं इतने सारे फायदे

रोजाना अगर नंगे पाव पर चला जाए तो इससे शरीर को काफी सारे बदलाव महसूस होने लगते हैं।

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस दूर होता है
मूड अच्छा होता है
पैरों और बॉडी के निचले हिस्से की सूजन दूर होती है
थकान और चिड़चिड़ापन दूर होता है
शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है
विटामिन डी की कमी भी दूर होती है

## इन बातों का रखें ध्यान

हमेशा साफ-सुथरी घास वाले मैदान पर ही चलना चाहिए जहां पर किसी भी तरह की गंदगी या जीव ना पड़े रहते हों। क्योंकि पैरों की मदद से तेजी अब्जॉर्ब करते हैं। गंदी जमीन पर चलने से बैक्टीरिया और गंदे तत्व अब्जॉर्ब हो सकते हैं।

# ज्यादा मीठा खाने से होती है डायबिटीज

डायबिटीज को भारत में शुगर की बीमारी भी कहा जाता है। कई लोगों को लगता है कि मीठा खाने से मधुमेह हो जाता है। हालांकि डायबिटीज होने के लिए सिर्फ चीनी या मीठा जिम्मेदार नहीं, जानें किनको होता है




क्या ज्यादा चीनी या मीठा खाने से डायबिटीज हो जाती है? यह सवाल कई लोगों के मन में आता है। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं तो सिंपल जवाब है नहीं, यह पूरी तरह सही नहीं। यह बात सच है कि आप जरूरत से ज्यादा चीनी खा रहे हैं तो डायबिटीज का रिस्क बढ़ सकता है। लेकिन ब्लड शुगर बढ़ाने में सिर्फ चीनी या मिठाई जिम्मेदार नहीं। यहां जानें डायबिटीज से जुड़ी कुछ ऐसी बातें जो हर किसी को पता होनी चाहिए।

## डायबिटीज का इन्सुलिन कनेक्शन

डायबिटीज ब्लड शुगर से जुड़ी बीमारी है तो ज्यादातर लोगों को लगता है कि मीठा या चीनी खाने से आपको शुगर की बीमारी हो सकती है। तो सबसे पहले समझते हैं कि आखिर डायबिटीज है क्या। जब हम मीठा या आलू, चावल, रोटी जैसी चीजें खाते हैं तो ये हमें ऊर्जा देने के लिए शुगर में बदल जाते हैं। यह शुगर हमारे खून में न रहकर कोशिकाओं में पहुंचेगी तो एनर्जी मिलेगी। इन्सुलिन का काम होता है इसे कोशिकाओं तक पहुंचाना।

## हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

अगर आपका पैंक्रियाज पर्याप्त मात्रा में इन्सुलिन नहीं बनाता या आपकी सेल्स ही इन्सुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं देतीं तो शुगर कोशिकाओं में न जाकर ब्लड में इकट्ठी होने लगेगी। यह स्थिति लंबे समय तक रहे तो हार्ट, किडनी से जुड़ी कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। आंखों की रोशनी और यहां तक कि जान भी जा सकती है। डायबिटीज 2 तरह की होती है। टाइप 1 और टाइप 2।

## क्या है टाइप 1 डायबिटीज

टाइप 1 डायबिटीज ज्यादातर जेनेटिक होती है। इसमें आपका इम्यून सिस्टम ही पैंक्रियाज पर अटैक करता इससे यह इन्सुलिन नहीं बना पाता।

## किसे होती है टाइप 2 डायबिटीज

टाइप 2 डायबिटीज के 90 फीसदी केसेज की वजह खानपान की खराब आदतें और बिगड़ी लाइफस्टाइल होती है। इसलिए अगर आपका पैंक्रियाज और इम्यून सिस्टम ठीक काम कर रहा है तो सिर्फ चीनी या मीठा खाने से आपको डायबिटीज नहीं होगी। अगर आपके परिवार में किसी को डायबिटीज रही है या आपकी लाइफस्टाइल गड़बड़ है तो जरूर अहतियात बरतना चाहिए।

## ये हैं डायबिटीज की वजहें

अगर आप एक्सरसाइज नहीं करते, वजन ज्यादा, पर्याप्त नींद नहीं लेते, शराब पीते हैं तो कम चीनी खाने के बाद भी आपको डायबिटीज हो सकती है। हालांकि ज्यादा मात्रा में चीनी या मीठा खाने के कई और भी नुकसान स्टडीज में सामने आ चुके हैं। फलों और खाने में पाई जाने वाली चीनी इतनी नुकसान नहीं करती जितनी कि प्रोसेस्ड। यह पैक्ड फ्रूट जूस, कोल्ड ड्रिंक्स, चॉकलेट्स, कुकीज में काफी मात्रा में पाई जाती है। कुछ स्टडीज में यह भी सामने आया है कि अगर रोजाना एक फल खाने से डायबिटीज का खतरा 7-13 फीसदी कम हो जाता है।

# ज्यादा लहसुन खाने के फायदे की जगह होगा नुकसान

## सीने में जलन पैदा करता है



पके लहसुन को खाना आसान है लेकिन इससे लहसुन के हेल्दी तत्व कम हो जाते हैं। अगर आप कच्चे लहसुन को डाइट में शामिल कर रहे हैं। तो इससे सीने में जलन की समस्या पैदा हो सकती है। लहसुन में मौजूद खास तरह के कंपाउड डाइजेस्टिव ट्रैक को इरिटेट करते हैं। जिससे जलन होने लगती है।गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स- जिन लोगों को गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स की शिकायत रहती है उन्हें कच्चे लहसुन को कम मात्रा में खाना चाहिए। इससे हार्ट बर्न की समस्या पैदा होने लगती है।

## ज्यादा खून बहने का खतरा

कच्चा लहसुन खून के थक्के बनने से रोकता है। जिन लोगों का खून पतला है और उनमे थक्के नहीं बनते उन्हें लहसुन खाने से बचना चाहिए।

## कितनी मात्रा में लहसुन खाना है सेफ

स्टडीज के मुताबिक बेस्ट रिजल्ट के लिए रोजाना 1-2 कली लहसुन की खाना पर्याप्त होता है। लेकिन किसी भी तरह के साइड इफेक्ट दिखने पर खाने की मात्रा को कम कर दें।

# श्रीकृष्ण भगवान का जीवन दर्शन और अलौकिक लीलाएं

जन्माष्टमी का त्यौहार प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व का भारतीय संस्कृति में इतना महत्व इसीलिए माना गया है क्योंकि श्रीकृष्ण को भारतीय संस्कृति का विलक्षण महानायक माना गया है। उनके व्यक्तित्व को जानने के लिए उनके जीवन दर्शन और अलौकिक लीलाओं को समझना जरूरी है। द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनका पुत्र था कंस, जिसने बलपूर्वक अपने पिता से सिंहासन छीन लिया और स्वयं मथुरा का राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यदुवंशी वसुदेव के साथ हुआ। एक दिन जब कंस देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई, हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया। उसने देवकी की ससुराल पहुंचकर जीजा वसुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन किया कि हे भाई! मेरे गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे मैं तुम्हें सौंप दिया करूंगी, उसके साथ तुम जैसा चाहे व्यवहार करना पर मेरे सुहाग को मुझसे मत छीनो।



कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और मथुरा लौट आया तथा वसुदेव एवं देवकी को कारागार में डाल दिया। कारागार में देवकी ने अपने गर्भ से पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस के सामने लाया गया। देवकी के गिड़गिड़ाने पर कंस ने आकाशवाणी के अनुसार देवकी की आठवीं संतान की बात पर विचार करके उसे छोड़ दिया पर तभी देवर्षि नारद वहां आ पहुंचे और उन्होंने कंस को समझाया कि क्या पता, यही देवकी का आठवां गर्भ हो, इसलिए शत्रु के बीज को ही नष्ट कर देना चाहिए। नारद जी की बात सुनकर कंस ने बालक को मार डाला। इस प्रकार कंस ने देवकी के गर्भ से जन्मे एक-एक कर 7 बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो उसने बहन और जीजा पर पहरा और कड़ा कर दिया। भाद्रपक्ष की कृष्णाष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी। तभी वसुदेव जी की कोठरी में अलौकिक प्रकाश हुआ। उन्होंने देखा कि शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान उनके सामने खड़े हैं। भगवान के इस दिव्य रूप के दर्शन पाकर वसुदेव और देवकी उनके चरणों में गिर पड़े। तब उन्होंने वसुदेव से कहा, ''अब मैं बालक का रूप धारण करता हूं। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नंद के घर पहुंचा दो, जहां अभी एक कन्या ने जन्म लिया है। मेरे स्थान पर उस कन्या को कंस को सौंप दो। मेरी ही माया से कंस की जेल के सारे पहरेदार सो रहे हैं और कारागार के सारे ताले भी अपने आप खुल गए हैं। यमुना भी तुम्हें जाने का मार्ग अपने आप देगी।''

वसुदेव ने भगवान की आज्ञा पाकर शिशु को छाज में रखकर अपने सिर पर उठा लिया। यमुना में प्रवेश करने पर यमुना का जल भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श करने के लिए हिलोरें लेने लगा और जलचर भी श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए उमड़ पड़े। गोकुल पहुंचकर वसुदेव सीधे नंद बाबा के घर पहुंचे। घर के सभी लोग उस समय गहरी नींद में सोये हुए थे पर सभी दरवाजे खुले पड़े थे। वसुदेव ने नंद की पत्नी यशोदा की बगल में सोई कन्या को उठा लिया और उसकी जगह श्रीकृष्ण को लिटा दिया। उसके बाद वसुदेव मथुरा पहुंचकर अपनी कोठरी में पहुंच गए। कोठरी में पहुंचते ही कारागार के द्वार अपने आप बंद हो गए और पहरेदारों की नींद खुल गई। कंस को कन्या के जन्म का समाचार मिला तो वह तुरन्त कारागार पहुंचा और कन्या को बालों से पकड़कर शिला पर पटककर मारने के लिए ऊपर उठाया लेकिन कन्या अचानक कंस के हाथ से छूटकर आकाश में पहुंच गई।

*आकाश में पहुंचकर उसने कहा, ''मुझे मारने से तुझे कुछ लाभ नहीं होगा। तेरा संहारक गोकुल में सुरक्षित है।'' यह सुनकर कृष्ण के मामा कंस के होश उड़ गए। वह कृष्ण को ढूंढ़कर मारने के लिए तरह-तरह के उपाय करने लगा। कंस ने उन्हें मारने के लिए अनेक प्रयास किए। उसने श्रीकृष्ण का वध करने के लिए अनेक भयानक राक्षस भेजे परन्तु श्रीकृष्ण ने उन सभी का संहार कर दिया। कंस का वध करने के बाद श्रीकृष्ण ने उसके पिता उग्रसेन को राजगद्दी पर बिठाया और अपने माता-पिता वसुदेव तथा देवकी को कारागार से मुक्त कराया। तभी से भगवान श्रीकृष्ण के जनमोत्सव की स्मृति में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा। वास्तव में श्रीकृष्ण की लीलाओं को समझना पहुंचे हुए ऋषि-मुनियों और बड़े-बड़े विद्वानों के बूते से भी बाहर है। जन्माष्टमी का पर्व हमें प्रेरणा देता है कि हम अपनी बुद्धि और मन को निर्मल रखने का संकल्प लेते हुए अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष रूपी मन के विकारों को दूर करें।*




## कृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप की पूजा से मिलते हैं 10 लाभ

कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप की पूजा होती है। बाल रूप को कन्हा, कन्हैया, बालकृष्ण, बालमुकुंद, गोपाल कृष्ण, लड्डू गोपाल आदि नामों से जाना जाता है। लड्डू गोपाल के एक हाथ में लड्डू रहता है इसलिए उन्हें लड्डू गोपाल कहा जाता है। कृष्ण के इस स्वरूप की पूजा करने से मिलते हैं 10 तरह के लाभ।

- जिस भी घर में लड्डू गोपाल की मूर्ति है वह घर उन्हीं लड्डू गोपाल का होता है। अतः उनकी पूजा घर के मुख्य सदस्य के रूप में करने से घर की रक्षा होती है।
- लड्डू गोपाल की पूजा और देखभाल किसी बच्चे की देखभाल की तरह ही की जाती है। उन्हें समय पर स्नान कराना, नए वस्त्र पहनाना, चंदन लगाना, श्रृंगार करना, भोग लगाना और सुलाना। यह सभी कार्य करने से ही प्रभु की कृपा प्राप्त होती है।
- लड्डू गोपाल की पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होत है और व्यक्ति सुखी जीवन जीता है।
- लड्डू गोपाल की पूजा करने से संतान की इच्छा पूर्ण होती है।
- लड्डू गोपाल की पूजा करने से घर में सुख और समृद्धि बढ़ती रहती है।
- लड्डू गोपाल की पूजा करने से घर में पॉजिटीविटी फैलती है।
- लड्डू गोपाल की पूजा करने से आध्यात्मिकता का विकास होता है और मन मस्तिष्क हमेशा शांत बना रहता है।
- लड्डू गोपाल की पूजा करने से मन में आत्मविश्वास बढ़ता है
- लड्डू गोपाल की पूजा करने से व्यक्ति मनचाही सफलता प्राप्त करता है।
- लड्डू गोपाल की पूजा करने से घर में कभी भी रोग और शोक नहीं रहता है।

# शनिवार को करें शनिदेव की पूजा तो साढ़े साती से मिलेगी मुक्ति

हिंदू धर्म में शनिवार का दिन शनिदेव को समर्पित होता है। शनिवार की व्रत कथा का बहुत अधिक महत्व होता है। जो भी व्यक्ति शनिवार को व्रत कर शनिदेव की कथा पढ़ता है। ऐसे व्यक्ति को शनि देव की कुदृष्टि और साढ़े साती के कष्टों से भी मुक्ति मिलती है।





हिंदू धर्म में सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित होता है। इसी तरह शनिवार का दिन कर्मफल दाता शनिदेव को समर्पित होता है। बता दें कि शनिवार की व्रत कथा का भी बहुत अधिक महत्व होता है। शनिवार के दिन जो भी व्यक्ति विधि-विधान से शनि देव की पूजा-अर्चना कर उनका व्रत करता है और कथा पढ़ता है। उस पर शनि देव प्रसन्न होते हैं। ऐसे व्यक्ति को शनि देव की कुदृष्टि और साढ़े साती के कष्टों से भी मुक्ति मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको शनिवार व्रत कथा, पूजन विधि और आरती के बारे में बताने जा रहे हैं।

## शनिवार व्रत कथा

बता दें कि एक बार सभी नौ ग्रहों में इस बात को लेकर बहस छिड़ गई कि उनमें से सबसे बड़ा और ताकतवर ग्रह कौन है। जब इस बात का निर्णय न हो सका तो सभी ग्रह आपकी सहमति से राजा विक्रमादित्य के पास जा पहुंचे। राजा विक्रमादित्य एक न्यायप्रिय राजा के तौर पर जाने जाते थे। राजा के दरबार में जाकर नौ ग्रहों ने अपनी बात सामने रखी। नौ ग्रहों की बात सुन राजा ने नौ सिंहासन का निर्माण करवाकर उन्हें क्रम से रखवा दिया। राजा द्वारा बनवाए गए यह सिंहासन सुवर्ण, रजत, कांस्य, पीतल, सीसा, रांगा, जस्ता, अभ्रक और लौह से निर्मित थे।

इसके बाद राजा ने कहा कि सभी ग्रह अपनी इच्छा से सिंहासन पर विराजमान हो जाएं। साथ ही जो सबसे छोटे और आखिरी सिंहासन पर बैठेगा, वह ग्रह सबसे छोटा माना जाएगा। इस शर्त के कारण शनि देव को सबसे आखिरी सिंहासन पर बैठना पड़ा और वह सबसे छोटे ग्रह माने गए। इस घटना से शनिदेव काफी ज्यादा क्रोधित हो गए और राजा विक्रमादित्य को सावधान होने की चेतावनी देकर नाराज होकर सभा से निकल गए।

शनि देव के दरबार से क्रोधित होकर जाते ही राजा की साढ़े साती शुरू हो गई। उनका बुरा समय शुरू होते ही वह जंगल में भूखे-प्यासे भटकने लगे। एक समय ऐसा भी आया जब राजा अपांग हो गए। तब शनिदेव ने उन्हें अपने दर्शन देते हुए अपने द्वारा दी गई चेतावनी याद दिलाए। जब राजा ने शनि देव से क्षमा याचना की तो शनि देव ने उनको साढ़े साती से मुक्ति का उपाय बताया। इसके बाद राजा विक्रमादित्य ने शनिवार का व्रत शुरू किया और चीटियों को आटा खिलाने लगे।

**उनकी पूजा और भक्ति को देख धीरे-धीरे शनिदेव का क्रोध शांत हो गया। इस तरह से शनि देव राजा विक्रमादित्य पर प्रसन्न हुए और उनके सभी कष्टों को हर लिया। फिर शनि देव ने राजा को क्षमा कर उन्हें जीवन के सारे भौतिक सुखों का आनंद दिया। इस तरह से राजा विक्रमादित्य शनि देव की साढ़े साती से मुक्त हो गए।**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने का पत्रकार वार्ता

# कांग्रेस जनघोषणा पत्र नहीं,सिर्फ छलावा पत्र बना सकती है - अनुराग सिंहदेव

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को लेकर तंज कसा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया है कि कांग्रेस का 2018 का जन घोषणा पत्र जब अधूरा है तो उन्हें नया बनाने की क्या जरूरत है!



भाजपा ने आरोप लगाया कि जब स्वयं महिला होते हुए कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने शराबबंदी के औचित्य को नकार दिया है। वो कह रही थी छत्तीसगढ़ में शराबबंदी की जरूरत नहीं है। तो वही शराबबंदी के वादे को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि शराबबंदी करने से जनहानि हो सकती है। क्या जब वादा किया था,तब जनहानि का आंकलन नहीं किया गया था।

उसके अलावा पिछले घोषणा पत्र के मुखिया टी एस सिंहदेव ने उसे पूरा करने को लेकर हाथ खड़े कर दिया है। जिसके बाद कांग्रेस ने इसकी जिम्मेदारी दूसरे को दे दी। अब जिस व्यक्ति को गंगाजल पर विश्वास ही नही है उसे कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष बनाया है। ये भी दुर्भाग्यजनक है। आगे उन्होंने कहा कि जिस झूठ के कारण कांग्रेस सत्ता में आई अब वही उसके जाने का कारण बनेगी।

### कांग्रेस का कॉन्फिडेंस डगमगाया हुआ है

भाजपा प्रवक्ता सिंहदेव ने कहा कि घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस का कॉन्फिडेंस डगमगाया हुआ है। जिसके बाद सैलजा ने इसे खुद अपने हाथों में लिया है। जिससे पता चलता है कि कांग्रेस के भीतरखाने कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा। इसके अलावा कांग्रेस का घोषणा पत्र को लेकर कॉन्फिडेंस डगमगाया हुआ है। वे जनता के बीच जाने से बच रहे हैं क्योंकि उनके झूठ की परत खुलने वाली है। वादाखिलाफी को लेकर कांग्रेस के विधायकों के ऊपर जनता आक्रामक है।

### हम कांग्रेस के छलावा धोषणा पत्र को एक्सपोज करेंगे

*BJP नेताओं ने कहा कि हमनें 5 साल तक लोगों के बीच जनजागरण किया। अब कांग्रेस के जन घोषणा पत्र को एक्सपोज करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अगले चुनावी वादों में जनता का 1 प्रतिशत भी विश्वास नहीं होगा। उसके पीछे एक और बड़ी वजह कांग्रेस का घोषणाओं में टर्म्स एंड कंडीशन लागू करना है। जिससे बड़ी मात्रा में लोगों को इसका लाभ नही मिल पाया।*

चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

## अब घर बैठे बुजुर्ग और दिव्यांग करेंगे वोटिंग




**रायपुर।** चुनाव आयोग की बैठक में अहम फैसला लिया गया है. अब 5 लाख बुजुर्ग और दिव्यांग घर बैठे वोटिंग कर सकेंगे. इसके लिए इन वर्ग के लोगों को पहले से आवेदन करना होगा। 33 जिलों से दोनों वर्गों का डेटा मंगाया जा रहा. वहीं अवैध परिवहन पर भी कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार तथा निर्वाचन आयुक्तद्वय अनूप चंद्र पांडेय और श्री अरूण गोयल ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, सभी संभागों के आयुक्त तथा पुलिस रेंजों के महानिरीक्षक के साथ बैठक कर विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान में राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी ली और निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया. आयोग ने मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी गंभीरता, सूक्ष्मता और सावधानी से करने को कहा. आयोग ने इपिक कार्ड की प्रिंटिंग और वितरण की भी जानकारी ली.

# घोषणा-पत्र समिति की बैठक में महिलाओं पर भी फोकसःगोबर 5 रु. किलो और धान बोनस बढ़ाने पर विचार कर रही है कांग्रेस

**रायपुर।** राज्य सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना में गोबर खरीदने की कीमत बढ़ाने का ऐलान कांग्रेस अपने चुनावी घोषणा-पत्र में कर सकती है। अभी सरकार किसानों और गौपालकों से दो रुपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीद रही है। बताया जा रहा है कि घोषणा-पत्र में इसे पांच रुपए करने की घोषणा की जा सकती है।


यही नहीं, किसानों को धान खरीदी पर इनपुट सब्सिडी भी बढ़ाकर देने का वादा किया जा सकता है। शनिवार को घोषणा-पत्र समिति की बैठक में इन विषयों पर लंबी चर्चा चली। महिलाओं और खासकर गृहणियों के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणाएं करने पर? विचार किया जा रहा है। शनिवार को कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा की अध्यक्षता में समिति की दूसरी बैठक हुई। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और समिति के अध्यक्ष मंत्री मोहम्मद अकबर भी शामिल हुए। बैठक में घोषणा-पत्र के प्रारूप को लेकर चर्चा हुई।



सीएम भूपेश बघेल ने पीएम मोदी को लिखे दो पत्र

# छत्तीसगढ़ के बकाया 6 हजार करोड़ मांगे, ओडीएफ के बावजूद बिना शौचालय के 15 लाख घर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छत्तीसगढ़ से जुड़े मसलों को लेकर दो पत्र लिखे हैं। जिसमें पहली चिट्ठी में सीएम भूपेश ने छत्तीसगढ़ की 6 हजार करोड़ की बकाया राशि केन्द्र से मांगी है,जबकि ODF के बावजूद प्रदेश के 15 लाख परिवारों के शौचालय रहित होने पर निर्माण प्रोत्साहन राशि 12 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए करने की मांग की है। सीएम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए पहले पत्र में भारत सरकार की लंबित देनदारी की ओर ध्यान आकर्षित किया है। इस पत्र में सीएम ने लिखा है कि वर्तमान स्थिति में भारत सरकार/भारतीय खाद्य निगम के स्तर पर राज्य की एजेन्सियों की लम्बित देनदारियां लगभग 6,000 करोड़ रूपये की हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि केंद्रीय पूल में राज्य सरकार की ओर से जमा चावल के बाद बचे शेष धान के निराकरण में भी राज्य सरकार को बड़ी हानि उठानी पड़ती है, जिसकी भरपाई भारत सरकार नहीं कर रही है। इससे राज्य सरकार को अतिरिक्त आर्थिक भार वहन करना पड़ता है।





उन्होनें पीएम मोदी से इस पत्र में कहा है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें कि वे राज्य की एजेन्सियों की लम्बे समय से लम्बित सभी बकाया राशि की समय-सीमा निर्धारित करें और राज्य के विधिक क्लेम की राशि जल्द राज्य सरकार को भेजने के लिए जरूरी कार्यवाही करें। दूसरे पत्र में सीएम भूपेश बघेल ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चिंता जताई है कि पिछली सरकार द्वारा राज्य को ODF घोषित किए जाने के बावजूद 15 लाख परिवार शौचालय की सुविधा से वंचित हैं। बघेल ने इन परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध कराने की मांग प्रधानमंत्री से की है। साथ ही कहा है कि उन्नत शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि 12000 रुपए प्रति परिवार से बढ़ाकर 30000 रुपए की जानी चाहिए। उन्होंने दुर्गम इलाकों में ऐसे शौचालयों का निर्माण ग्राम पंचायतों के माध्यम से स्वीकृत करने का अनुरोध किया है। सीएम भूपेश ने पत्र में लिखा है कि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के तत्वावधान में कराये गये राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 6 (2019-21 ) में यह पाया गया है कि छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में 88.2 प्रतिशत परिवार और ग्रामीण क्षेत्रों के 73.5 प्रतिशत परिवार उन्नत शौचालय सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इस तरह राज्य के कुल परिवारों में से 76.8 प्रतिशत परिवार शौचालय की सुविधा का उपयोग कर रहे हैं और 23.2 प्रतिशत परिवार इस सुविधा से वंचित हैं। पिछले महीने राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के दौरान शौचालयों के भौतिक सत्यापन से राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के जारी आंकड़ों की पुष्टि होती है। पत्र में उन्होंने आगे कहा है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में राज्य में 32 लाख से अधिक शौचालय बने थे और जनवरी 2018 में संपूर्ण राज्य को ODF घोषित किया गया था।

# बालको महिला मंडल ने मनाया तीज महोत्सव




**बालकोनगर** । बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोरबा पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण की धर्मपत्नी श्रीमती श्रेया पांडे थीं। मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, गणेश स्तुति और शंखनाद के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन के लिए बालको महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार एवं सदस्याओं की खूब प्रशंसा की।

बालको महिला मंडल अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। श्रीमती मनीषा कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में बालको महिला मंडल के विभिन्न सामाजिक कार्यों से मुख्य अतिथि को अवगत कराया तथा हरियाली तीज की बधाई दी। उन्होंने बताया कि महिला मंडल समय-समय पर महिलाओं और बच्चों के प्रतिभा विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करता है। बालकोनगर क्षेत्र के सांस्कृतिक उत्थान में महिला मंडल का महत्वपूर्ण योगदान है।

श्रीमती श्रेया पांडे ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आयोजन अत्यंत मनोरंजक रहा। उन्होंने कहा कि बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों द्वारा स्थानीय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। बालको महिला मंडल की सदस्याओं के उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए उन्होंने सभी को हरियाली तीज की बधाई दी।

'तीज क्वीन' का चयन प्रमुख आकर्षण रहा।

तीज क्वीन का चयन चार चरणों में संपन्न हुआ जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न चरणों से गुजरते हुए प्रतियोगिता अंतिम दौर में पहुंची, जिसमें सुंदरता, कैटवॉक एवं बौद्धिक क्षमता के आधार पर चयन किया गया। मुख्य अतिथि ने अंतिम चरण में प्रतिभागियों से सवाल पूछे। सभी सवालों का का सटीक जवाब देकर श्रीमती श्वेता सिंह सोलंकी ने 'तीज क्वीन' एवं श्रीमती ममता कटकवार ने 'क्वीन ऑफ हर्ट' और श्रीमती अलका पृथ्वीकर ने 'क्वीन ऑफ ग्लोरी' का खिताब अपने नाम किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्याओं ने शिव और पार्वती की अराधना को दिखाते हुए अद्भुत नृत्य और लोक गीत की बेहतरीन प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। विभिन्न स्टॉल, झूला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सदस्याओं ने उत्कृष्ट भागीदारी की। सभी उपस्थित सदस्यों को तीज उपहार दिये गये।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर श्रीमती सिमरन कौर ने महिला मंडल की सभी सदस्याओं और मुख्य अतिथि के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बालको महिला मंडल अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बालकोनगर के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है।

# भाटापारा से कांग्रेस टिकट मांगने वालों की लंबी लाईन




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र मे राजनीतिक वातावरण गर्मा गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के समक्ष टिकट दावेदारो द्वारा लगातार आवेदन जमा करने की प्रक्रिया मे अब आवेदन देने वाले कांग्रेसी दावेदार अपने समर्थको के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुये सैकड़ो की संख्या मे पहुंचने लगे है। निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने मंगलवार अंतिम दिन अपने सैकड़ो समर्थको के साथ कांग्रेस भवन पहुंचकर अपनी मजबूत दावेदारी का आवेदन ब्लाक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल को प्रस्तुत किया। इस बीच कांग्रेस भवन मे भारी गहमा हगमी का वातावरण बना रहा। मंगलवार को सतीश अग्रवाल के अलावा पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने भी दावेदारी का प्रपत्र प्रस्तुत किया इसके पहले कांग्रेस के अमित बंटी शर्माए राधेश्याम शर्मा सहित लगभग 4 दर्जन विभिन्न दावेदारो ने टिकट की मांग करते हुये अपनी दावेदारी पेश की। उक्त दावेदारो मे पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया व चौतराम साहू ने भी भाटापारा क्षेत्र से टिकट की मांग की है।

# 40 पाव अवैध शराब के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भाटापारा।** वरिष्ठ जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के सख्त निर्देश के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब परिवतनकर्ता एवं विक्रेताओं के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान मे शहर पुलिस के गश्ती दल के हत्थे एक अवैध शराब तस्कर चढ गया। उक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिद्ध बाबा धौराभांठा शराब भटठी से अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे पप्पू देवांगन उर्फप्रियांशु निवासी गांधी मंदिर वार्ड एक नीला रंग के बैग मे 40 पाव देशी मदिरा मसाला शराब लेकर जा रहा था कि पुलिस गश्ती दल के हत्थे चढ गया उसके विरूद्ध धारा 34 य2द्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही मे एसआई राजकुमार डहरिया सहित पुलिस के अन्य लोग शामिल थे।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**भाटापारा।** अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने अधिवक्ताओं के मृत्यु दावा राशि 10 लाख रूपये शासन की ओर से किये जाने की स्वीकृति तथा छण्गण् राज्य के समस्त अधिवक्ताओं का 10 लाख रूपये तक का सामूहिक बीमा कराये जाने की तीन सूत्रिय मांगो को लेकर स्थानीय अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्य से दूर रहते हुये प्रदर्शन किया एवं मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम नरेन्द्र बंजारा को सौंपा। उक्त अवसर पर नरेन्द्र यदू जितेन्द्र मिश्रा अनिल मिश्रा सुरेश यदू मनीष यादवए शिवनारायण साहूए श्रीमती ईरम सिद्यकी व आनंद शर्मा सहित तमाम अधिवक्तागण शामिल थे।

# जनक नंदिनी धर्मशाला ट्रस्ट में वृक्षारोपण का कार्यक्रम

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विगत दिनों श्रीमति जनक नंदिनी धर्मशाला ट्रस्ट में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। उक्त कार्यक्रम में वृक्षारोपण अध्यक्ष एवं ट्रस्टी श्री जगदीश अग्रवाल , श्री सतीश अग्रवाल, श्री आनंद अग्रवाल, श्री बृजेश भाई, डाक्टर शारदानंद जी , श्री आशुतोष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल ( पूजा पंप वाले ), श्री पंकज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्रीमति दीप्ति रविकांत अग्रवाल , सु.श्री सरोज अग्रवाल, विरेन्द्र अग्रवाल( गोलू भाई ), गंगा अग्रवाल के द्वारा एक एक नारियल, परिजात इत्यादि का पौधारोपण किया गया। धर्मशाला ट्रस्ट के सचिव रविकांत अग्रवाल ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि, इस सावन के महीने में आप सभी ने अपना बहुमूल्य समय देकर आपके अपने समाज के श्रीमति जनक नंदिनी धर्मशाला ट्रस्ट में वृक्षारोपण का कार्य किया उसके लिए बहुत बहुत आभार साथ ही जो अग्रजन किसी कारणों से नहीं आ पाए पर उन सभी का परोक्ष सहयोग मिला उन सब का भी मैं आभारी हूं।

# सिंधी समाज ने मनाया थदड़ी पर्व




**भाटापारा।** थदड़ी शब्द का सिंधी भाषा में अर्थ होता है ठंडा, शीतल रक्षा बंधन के आठवें दिन मनाए जाने वाले इस पर्व में समाज के घरों में चूल्हा नहीं जलता, महिलाएँ एक दिन पहले बनाया ठंडा खाना जिसमें लोला,कूपर,कोकी, तारवाँ,बेसन की मीसी व सूखी सब्जियाँ भिंडी,आलू, करेला सहित कई प्रकार के व्यंजन शामिल है उसे बनाती हैं व रात्रि को अग्नि की पूजा कर ठंडा करती हैं। पर्व के दिन आस पास की महिलाएँ परिवार सहित इकठ्ठे होकर जगत जननी माँ शीतला माता मंदिर जाकर माता की विधिवत पूजा करती है एवं यह गीत ठार माता ठार पहिंजे बचणन खे ठार(अर्थ- हे माता हम बच्चों को शीतलता प्रदान कर)गाकर आराधना कर आशिर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण करती हैं।एवं पूरे दिन पूरा सिंधी समाज ठंडा भोजन ही करता है।

## झूला उत्सव का आयोजन



भाटापारा। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा झूला उत्सव का आयोजन किया गया।इस हरियाली में 50 से भी अधिक महिलाओं ने भाग लिया अध्यक्ष श्रीमती विंध्य अग्रवाल के साथ ममता अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल और अन्य सभी अग्रवाल मातृशक्ति द्वारा कार्यक्रम को सुंदर तरीके से आनंदमयी बनाया गया।

## अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



**फतेचन्द भूषणिया**
**जन्म-16-8-1939**
**मंगलवार, भाटापारा में**
**स्वर्गवास- 1-9-2023,**
**शुक्रवार,वृंदावन में**

**भाटापारा।** भूषणिया परिवार भाटापारा-रायपुर-बिलासपुर-चाम्पा एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री फतेहचंद जी भूषणिया का 1/9/23 को 84 वर्ष की आयु में निकुंज वास श्री वृन्दावन धाम में हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 2/9/23 दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे श्री वृन्दावन स्थित निज निवास से निकली। श्री यमुना जी के किनारे केसी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

आप प्रेमचंद भूषणिया के अग्रज थे। सुशील कुमार, नरेंद्र कुमार, सरला, अनीता, इंदु, बिंदु के पिता एवं नवल,वरूण, विशाल,नेहा तथा वसुधा के दादा जी थे।

विगत 5 सितंबर मंगलवार को भाटापारा के माहेश्वरी भवन में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें नरेंद्र भूषणिया की उपस्थिति में भूषणिया परिवार के सदस्यों के समक्ष समाज एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, जिसमें विधायक शिवरतन शर्मा एवं कांग्रेस भाजपा के अधिकांश प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस नेताओं में श्री सतीश जैन रायपुर,पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी रायपुर एवं भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद श्री मेघराज जैन इंदौर ने भी अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित प्रेषित की।

प्रमुख समाजसेवी संस्था जेसीस क्लब के अध्यक्ष श्री जयप्रकाश अग्रवाल, मयूर क्लब के अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल एवं उत्तरायण के अध्यक्ष श्री घनश्याम पुरोहित श्री रमेश गुप्ता आदि ने भी उपस्थित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विभिन्न गणमान्य नागरिकों के द्वारा श्रद्धांजलि संदेश प्राप्त हुए जो इस प्रकार है-

*अत्यंत दुखद खबर फतेहचंद भैया से मेरे अत्यंत आत्मीय संबंध रहे , राधावल्लभ जी की विशेष कृपा हमेशा उन पर रही। उनके निधन के समाचार से एक आघात सा लगा। ईश्वर उन्हें अपनें श्री चरणों में स्थान दें व परिजनों को यह दुख सहन करने की हिम्मत व शक्ति दे। यह प्रार्थना है। ऊं शांति-*

***राजकुमार शुक्ला रायपुर***

*अफसोस। मेरे उनसे बड़े आत्मीय संबंध थे भाटापारा में-*

***के.पी.सक्सेना रायपुर***

**मधुर स्मृति के साथ "क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" परिवार द्वारा अश्रुपूरित श्रद्धांजलि**

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in